दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 15 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 112 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## बिहार में 'सम्राट' युग का आगाज

### आज सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ

**सियासत**

**सम्राट चौधरी ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया**

**नीतीश कुमार का मिला आशीर्वाद**



**पटना।** बिहार की राजनीति में आज का दिन सियारी सरगर्मी वाला रहा है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद अब नई सरकार के गठन की कवायद शुरू हो गई है। सम्राट चौधरी को बीजेपी विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इसके बाद उन्होंने लोकभवन में राज्यपाल से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया है। कल सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

अब सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सम्राट चौधरी बुधवार को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले पटना के भाजपा कार्यालय में राज्य के पर्यवेक्षक और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत सभी बड़े नेता मौजूद थे। इस बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिए जाने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने नेता के तौर पर सम्राट चौधरी के नाम का ऐलान किया।

दोपहर में नीतीश कुमार राज्यपाल से मिले और मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। इसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया।

## नोएडा हिंसा के बाद गाजियाबाद पुलिस का चक्रव्यूह, दूसरे दिन भी हाई अलर्ट

### एडिशनल सीपी, डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और पुलिस बल रहा तैनात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नोएडा में हुई हिंसा के बाद दूसरे दिन भी गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रही। दिल्ली-मेरठ हाईवे से लेकर नोएडा से जुड़े सभी प्रमुख सीमावर्ती इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात रहा। हालात को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस ने सुरक्षा का सख्त चक्रव्यूहह्व तैयार किया, जिसकी कमान खुद वरिष्ठ अधिकारियों ने संभाली।

सोमवार को नोएडा में बिगड़े हालात और हिंसा के बाद उसका असर गाजियाबाद में भी देखने को मिला। कई हाईवे पर जाम की स्थिति बनी, वहीं बड़ी संख्या में मजदूर सड़कों पर उतर आए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा। इसके बाद मंगलवार को पुलिस ने और ज्यादा सतर्कता बरती। इस दौरान एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर, डीसीपी मुख्यालय धवल जायसवाल, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एसीपी क्राइम अमित सक्सेना, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत, एसएचओ कौशांबी अजय शर्मा समेत कई थाना प्रभारी और भारी पुलिस बल नोएडा के सेक्टर-62, सेक्टर-58 और खोड़ा जैसे संवेदनशील इलाकों में तैनात रहे। अधिकारियों ने दिनभर पैदल गश्त की और पुलिस वाहनों के जरिए लगातार निगरानी रखी।

### क्राइम ब्रांच भी उतरी वर्दी में, बनाया गया सुरक्षा चक्रव्यूह



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर इस बार एक नई रणनीति अपनाई गई। गाजियाबाद की क्राइम



ब्रांच स्वाट टीम को भी वर्दी में कानून-व्यवस्था संभालने के लिए मैदान में उतारा गया। प्रभारी अनिल राजपूत सहित सभी पुलिसकर्मी बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, लाठी और अन्य सुरक्षा उपकरणों से लैस रहे। यह पहली बार देखने को मिला जब क्राइम ब्रांच को इस तरह फ्रंटलाइन में लगाया गया।

### हर कट पर पीआरवी तैनात, लगातार फ्लैग मार्च



करंट क्राइम : नोएडा से जुड़े सभी प्रमुख कट और रास्तों पर पब्लिक रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) तैनात की गई। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार क्षेत्र में मूवमेंट करते रहे और कई स्थानों पर फ्लैग मार्च भी निकाला गया। कुछ जगहों पर अधिकारियों ने घंटों डेरा डालकर हालात पर सीधा नियंत्रण बनाए रखा। खास बात यह रही कि गाजियाबाद पुलिस नोएडा की सीमाओं के भीतर तक जाकर कानून-व्यवस्था संभालने में सहयोग करती नजर आई।

### कमिश्नर के निर्देश पर सख्ती, सीमाओं पर कड़ी निगरानी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर सीमावर्ती थानों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी तरह की अफवाह या अप्रिय स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। कुल मिलाकर, नोएडा हिंसा के बाद गाजियाबाद पुलिस ने सुरक्षा के ऐसे कड़े इंतजाम किए हैं कि पूरे जिले में चक्रव्यूह जैसा सुरक्षा घेरा नजर आ रहा है।

## राजकुमार भाटी के मंच पर सपा संगठन की जल्दबाजी!

### बड़े नेता मौजूद, पदाधिकारी गायब, सपा की चुनावी तैयारी पर उठे सवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले समाजवादी पार्टी अपनी ताकत दिखाने में जुटी है, लेकिन गाजियाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान संगठन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए। नवयुग मार्केट में डॉ. भीमराव आयोजन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के बड़े नेता राजकुमार भाटी पहुंचे थे। उनके स्वागत के लिए प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। शुरूआत में संगठन की मौजूदगी मजबूत दिखी, लेकिन जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ा, स्थिति बदलती नजर आई। बताया जा रहा है कि राजकुमार भाटी का संबोधन देर से प्रस्तावित था, लेकिन उससे पहले ही सपा के जिला और महानगर अध्यक्ष सहित कई प्रमुख पदाधिकारी कार्यक्रम से निकल गए। ऐसे में जब मुख्य वक्ता मंच पर आने वाले थे, तब संगठन के कई चेहरे नदारद दिखे। इस घटनाक्रम ने राजनीतिक हलकों में चर्चा को जन्म दे दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि जब पार्टी के बड़े नेता मंच पर हों, तो स्थानीय संगठन की अनुपस्थिति क्या केवल व्यस्तता का परिणाम है या इसके पीछे कोई आंतरिक असंतुलन भी है? सूत्रों की मानें तो दादरी में हुए एक अन्य कार्यक्रम में भी सीमित स्थानीय चेहरों की मौजूदगी देखी गई थी। इससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि कहीं संगठन के भीतर समन्वय की कमी या गुटबाजी तो नहीं उभर रही।

### सपा नेता अभिषेक गर्ग ने किया वेलकम



करंट क्राइम : वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच अभिषेक गर्ग की सक्रियता और भाटी के साथ उनकी लगातार मौजूदगी को एक मजबूत राजनीतिक संकेत माना जा रहा है। इसे पार्टी के भीतर नए समीकरण और बढ़ते प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या यह केवल समय की कमी थी या फिर संगठन के भीतर कोई असंतोष पनप रहा है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि दादरी में हुए पिछले कार्यक्रम में भी सीमित स्थानीय चेहरे ही मंच पर दिखे थे। लगातार सामने आ रहे ऐसे घटनाक्रम यह संकेत दे रहे हैं कि जमीनी स्तर पर तालमेल में कहीं न कहीं कमी है। चुनाव से पहले इस तरह की तस्वीरें पार्टी के लिए चिंता बढ़ा सकती हैं, क्योंकि संगठन की एकजुटता ही चुनावी मजबूती की सबसे बड़ी कसौटी होती है। फिलहाल पार्टी की ओर से इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन यह घटनाक्रम सपा की अंदरूनी स्थिति को लेकर बहस जरूर तेज कर रहा है।

## भाजपा महिला मोर्चा की नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जागरूकता रैली आज

### दो रूटों पर रहेगा रूट डायवर्जन






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बुधवार को शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महानगर और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में दो अलग-अलग कार्यक्रम होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता स्कूटी और बाइक रैली के रूप में हिस्सा लेंगी। पहला कार्यक्रम सुबह 10 बजे मुरादनगर स्थित काइट कॉलेज से शुरू होकर रैपिड रेल स्टेशन मुरादनगर तक जाएगा। वहीं दूसरा कार्यक्रम सुबह 11 बजे दुर्गा भाभी चौक से प्रारंभ होकर नवयुग मार्केट, पुराना बस अड्डा चौक, कालका गढ़ी चौक, चौधरी मोड़, रेलवे स्टेशन रोड होते हुए रानी लक्ष्मीबाई मूर्ति पर समाप्त होगा। रैली के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र एकता का संदेश दिया जाएगा। इस दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होकर नारी शक्ति का प्रदर्शन करेंगी। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस और यातायात विभाग पूरी तरह अलर्ट है। दोनों रूटों पर करीब 500 से अधिक वाहनों के शामिल होने की संभावना है, जिसके चलते रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा।

प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर ट्रैफिक पुलिस के साथ महिला ट्रैफिक कर्मियों की भी तैनाती रहेगी। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित रूट डायवर्जन का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। साथ ही, गूगल मैप के जरिए ट्रैफिक अपडेट लेकर यात्रा करने की सलाह दी गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### आज भी रहेगा पुलिस, दमकल और खुफिया विभाग का अलर्ट

## सुबह सात बजे से नोएडा की सीमाओं पर रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा

**- सीपी, एडिशनल सीपी और डीसीपी की मैराथन बैठक के बाद सख्त प्लानिंग**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा में सोमवार और मंगलवार को बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए बुधवार को भी गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट पर रहेगी। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने साफ कर दिया है कि किसी भी कीमत पर हालात बिगड़ने नहीं दिए जाएंगे।

इसके लिए सुबह 7 बजे से ही नोएडा से सटी सीमाओं और संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर और डीसीपी धवल जायसवाल समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों की अहम बैठक हुई, जिसमें हालात को नियंत्रण में रखने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। तो एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों को भी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। उधर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दमकल विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जाए।

### सीमाओं पर सख्ती, हर मूवमेंट पर नजर



करंट क्राइम : नोएडा से गाजियाबाद में किसी भी तरह की हलचल या उपद्रव की आशंका को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा का घेरा मजबूत किया गया है। पुलिस बल के साथ रिजर्व फोर्स और नए रंगरूटों को भी ड्यूटी पर लगाया जाएगा। खुफिया विभाग को भी पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। मंगलवार को खुफिया अधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कई इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। औद्योगिक क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### वरिष्ठ अधिकारियों की सीधी निगरानी

करंट क्राइम : पूरे हालात की मॉनिटरिंग खुद वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी करेंगे। हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी और किसी भी स्थिति में तुरंत एक्शन लिया जाएगा। कुल मिलाकर, गाजियाबाद पुलिस बुधवार को किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और प्रशासन का फोकस साफ है—हर हाल में कानून व्यवस्था बनाए रखना।

## अम्बेडकर जयंती पर दिखाई दिया आने वाली सियासत का कलर ब्लू

### भले ही दल कोई सा भी हो लेकिन सबके पटके का कलर था ब्लू

**सियासत का ये नया कलर नये संदेश को बता रहा है। ये उस वोट बैंक को बता रहा है जो हाथी के बाद अभी एक मुश्त किसी का साथी नहीं बना है।**









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में विचारधारा का असर होता है। राजनीति में एक दौर था जब खादी पहनना आपके नेता होने की अनिवार्य शर्त माना जाता था। धीरे धीरे ये दौर बदला और जब बसपा सत्ता में आयी तो उसके नेताओं ने इस ट्रेंड को बदला। बसपा के नेता चाहे नसीमुददीन सिददीकी रहे या सतीश मिश्रा रहे, ये सभी सरकार में मंत्री थे और इन्होंने ट्रैडिश्नल कुर्ते पायजामे छोड़ दिये और सफारी सूट में नजर आने लगे। कुर्ते पायजामे का चलन बदल गया। इसके बाद समाजवादी पार्टी की सरकार आयी तो स्वर्गीय मुलायम सिंह के बाद जब दूसरा दौर आया तो अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने और यहीं से समाजवादी लाल टोपी में नजर आने लगे। राजनीति के रंग में रंगों का प्रयोग शुरू हुआ और फिर बसपा का नीला हाथी इससे पहले आ चुका था। धीरे धीरे हाथी नीला हुआ और फिर इस पार्टी के समर्थकों के गले में नीला पटका आ गया। ये नीला पटका कब दलित चिंतन का प्रतीक बन गया , किसी को पता ही नही चला। लेकिन धीरे धीरे इस रंग ने राजनीति को छुआ है और इस कदर छुआ है कि जब शहर में अम्बेडकर जयंती मनाई गयी तो आने वाली सियासत का क्लू दिखाई दिया। कोई भी दल हो लेकिन सबके गले में ब्लू कलर का पटका था। कभी ये बसपा का रंग था और इस रंग में भाजपा रंगी दिखाई दी, इस रंग में समाजवादी पार्टी रंगी दिखाई दी। केसरिया रंग पर दावा करने वाली भाजपा नीले रंग के मोह को नहीं त्याग सकी। भाजपा के विधायक से लेकर संगठन पदाधिकारियों के गले में नीला पटका दिखाई दिया।

चर्च स्वभाविक थी कि जो भाजपा हर मौके पर केसरिया पटके का चलन लेकर आती हैवो भाजपा अम्बेडकर जयंती पर नीले रंग में दिखाई दी। चूंकि चुनावी वर्ष है तो लिहाजा सभी दल इस रंग से सरोबार दिखाई दिये। सभी दलों के नेता बाबा साहब की मूर्ति पर पहुंचे, उन्हें फूल अर्पित किये लेकिन सभी का फोकस ब्लू कलर पर था। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष जब पहुंचे तो उनकी टोपी भले ही समाजवादी रंग की थी लेकिन उनके गले में पटका नीला था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तो एक दिन पहले ही ये नीला पटका पहन लिया था और जब राष्ट्रीय अध्यक्ष के गले में नीला पटका आ गया तो फिर नीचे तक इसके इफैक्ट दिखाई दिये। केसरिया दल कहलाने वाली भाजपा का ये आलम था कि शहर विधायक संजीव शर्मा के गले में नीला पटका था। पूर्व मेयर अशु वर्मा के गले में नीला पटका था और नीले पटकों की ये सीरीज भाजपा के कई गलों में दिखाई दे रही थी।

सियासत का ये नया कलर नये संदेश को बता रहा है। ये उस वोट बैंक को बता रहा है जो हाथी के बाद अभी एक मुश्त किसी का साथी नहीं बना है। यहां पर गौर करने वाली बात ये भी थी कि बसपा की नीली सियासत का उत्तराधिकारी होने का दावा करने वाली आजाद समाज पार्टी का असर कुछ खास नहीं दिखाई दिया।

### कांग्रेस ने पटकों से क्यों बना ली दूरी




करंट क्राइम। कांग्रेस पार्टी दलित वोटों की दावेदारी करती है। उनकी लोकसभा उम्मीदवार रही डॉली शर्मा जब चुनाव लड़ी थी तो उनके गले में जय भीम वाला नीला पटका था। लेकिन बाकी कांग्रेस नीले रंग से दूर रही। वो नीले पटकों से एक दूरी बनायी। कांग्रेसी यहां रंग के माध्यम से संदेश दे सकते थे लेकिन वो सियासी नब्ज को भाप नहीं पाये। वहीं दूसरी तरफ उनके गले में भी नीले पटके थे जिनकारंग केसरिया और लाल रहता है।

# नोएडा श्रमिक आंदोलन: वेतन वृद्धि की मांग मंजूर
## हिंसा के बीच 350 गिरफ्तार और स्थिति नियंत्रण में

**हक की लड़ाई**

**पुलिस से झड़प में कई मजदूर घायल**
**वेतन बढ़ोतरी की मांग को मान लिया गया है: डीएम मेधा रूपम**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद नोएडा के फेज 2 में प्रदर्शनकारी आज फिर से जमा हो गए। उन्होंने पत्थरबाजी की है। हालात को काबू में करने के लिए यहां पुलिस तैनात कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, फेज 2 के सेक्टर 80 इलाके में सुबह नौ बजे पथराव किया गया था। यहां पथराव करने वालों पर लाठीचार्ज किया गया, तब भीड़ हटी। बताया जा रहा है कि गुरु अमरदास इंटरनेशनल कंपनी में यह पथराव हुआ था।

ग्रेटर नोएडा के कासना स्थित यूआईएल कंपनी में श्रमिकों और पुलिस के बीच हाथापाई हुई, जिसमें कई श्रमिक घायल हो गए।

एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर राजीव नारायण मिश्रा ने कहा, हमने 350 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल किया, वे अफवाहें फैला रहे थे और गलत जानकारी दे रहे थे। कुछ लोग नए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप्स और एक्स के जरिए गुमराह करने वाली जानकारी फैला रहे थे। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आज, कई कंपनियों में मजदूर काम पर लौट रहे हैं। कुछ जगहों पर, कुछ मजदूर आए और उन्होंने अपनी मांगें पूरी करने की मांग की। हमने उनके साथ सब्र से बातचीत की और उन्हें समझाया। मुख्यमंत्री ने एक उच्च-स्तरीय समिति बनाई है। उस समिति ने कल मौके का दौरा किया, और मजदूरों के हित में कई फैसले लिए गए हैं। हमारे पास सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल सबूत हैं, और जो लोग पकड़े गए हैं, वे किसी न किसी तरह की गड़बड़ी में शामिल थे, समाज-विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे, और राष्ट्रीय राजमार्गों तथा राज्य राजमार्गों को जाम कर रहे थे।'

मजदूरों के विरोध प्रदर्शन पर नोएडा डीएम मेधा रूपम ने कहा, श्रमिकों की जो सबसे प्रमुख मांग वेतन बढ़ोतरी की थी उसे मान लिया गया है। इसके साथ-साथ और भी निर्देश दिए गए हैं।

श्रमिकों का वेतन 10 तारीख से पहले खाते में एक साथ पहुंचे इसके साथ-साथ बोनस हर साल नवंबर से पहले पहुंचे। ओवरटाइम के लिए डबल वेतन दिया जाएगा। अगर साप्ताहिक छुट्टी पर काम होगा तो उसके लिए भी डबल वेतन दिया जाएगा। यौन उत्पीड़न समिति हर जगह गठित की जाएगी। महिलाएं इनकी अध्यक्ष रहेंगी।

नोएडा में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन पर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर दीपक कुमार ने कहा, ₹दोनों पक्षों से कल विस्तार में बात हुई और सैकड़ों लोगों से बात हुई।




### पुलिस आयुक्त का चौंकाने वाला खुलासा, 'बाहरी लोगों ने बिगाड़ा नोएडा का माहौल'

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा औद्योगिक क्षेत्र में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सोमवार को हजारों श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले गया। इस दौरान व्यापक पैमाने पर आगजनी, तोड़फोड़ और अराजकता देखी गई, जिसने पूरे शहर को ठप कर दिया। अधिकारियों ने इस घटना में बाहरी लोगों की संलिप्तता का आरोप लगाया है और एक बड़े षड्यंत्र की आशंका जताते हुए संगठित दुष्प्रचार, पाकिस्तान-समर्थित अस्थिरता के प्रयासों और यहां तक कि नक्सलवाद के संभावित पुनरुत्थान जैसे गंभीर पहलुओं की समानांतर जांच शुरू कर दी है।

### श्रमिकों के समर्थन में उतरे राहुल गांधी, बोले- यह देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कर्मचारियों के हिंसक प्रदर्शन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने इसे श्रमिकों पर अत्याचार बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वो इस देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी - जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया।" कांग्रेस सांसद ने कहा, "नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 महीने की तनख्वाह, 4,000-7,000 किराया। जब तक 300 की सालाना बढ़ोतरी मिलती है।

### हिंसक प्रदर्शन के बाद तीन हजार तक बढ़ाई न्यूनतम मजदूरी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में हाल ही में उभरे श्रमिक असंतोष के बाद सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। समिति की सिफारिशों के आधार पर श्रमिकों को तत्काल राहत देते हुए न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी कर दी गई है। नए आदेश एक अप्रैल 2026 से लागू होंगे। शासनादेश के अनुसार, यह वृद्धि अलग अलग श्रेणियों में की गई है। अधिकतम करीब 3000 तक का इजाफा हुआ है।

# देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस का लोकार्पण
## सफर छोटा, उम्मीदें बड़ी! : अब मात्र 2.5 घंटे में पूरा होगा सफर

**लोकार्पण**

**मंत्री नितिन गडकरी ने पीएम मोदी को ब्रह्मकमल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया**







**देहरादून।** वर्षों का इंतजार खत्म हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इससे पहले पीएम मोदी ने बाबा भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मंत्री नितिन गडकरी ने पीएम मोदी को ब्रह्मकमल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। सीएम धामी ने शॉल और नंदा देवी राजजात यात्रा संबंधी स्मृति चिन्ह भेंट किया।

दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे पर बनाए गए एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर को भारतीय वन्य जीव संस्थान ने तीन जोन में बांटा है। इसमे गणेशपुर, मोहंड और आसारोडी देहरादून तक के क्षेत्र को शामिल किया गया है। इसके साथ ही दून से दिल्ली की दूरी मात्र ढाई से तीन घंटे की रह जाएगी।

11,963 करोड़ की लागत से बना 210 किमी लंबा दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर कई मायनों में खास है। दिसंबर 2021 में एक्सप्रेसवे का निर्माण शुरू हुआ था, जो पूरा होने के बाद अब उद्घाटन के लिए तैयार है। दिल्ली के अक्षरधाम से शुरू होकर एक्सप्रेसवे बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर से होते हुए दून के आशारोड़ी को जोड़ता है। खास है कि एक्सप्रेसवे पर 100 से ज्यादा अंडरपास, कई फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज और टनल बनाई गई है।

काफी समय से एक्सप्रेसवे के शुरू होने का लोगों को खासा इंतजार था। इस बीच कई बार उद्घाटन की तिथि की चर्चाएं भी चलीं लेकिन लोगों का इंतजार बढ़ता गया। और आज ये एक्सप्रेस वे पीएम मोदी ने जनता को समर्पित किया।

# ऐतिहासिक बदलाव: बिहार को मिला नया मुखिया
## नीतीश कुमार का इस्तीफा, सम्राट चौधरी होंगे नए मुख्यमंत्री



**पटना।** भाजपा पहली बार बिहार में अपना सीएम बनाने जा रही है। सम्राट चौधरी का नाम नए मुख्यमंत्री के रूप में तय हो चुका है। इससे पहले, खरमास का अंतिम दिन नीतीश कुमार के इस्तीफे और विधायकों की बैठक के नाम है। देखें, सबसे पहले हर अपडेट।

दो बार डिप्टी सीएम रहे सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि, अब तक उनके नाम के आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन भाजपा के विश्वस सूत्रों की मानें तो सम्राट चौधरी ही बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा कार्यालय में सम्राट चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। नीतीश कुमार भी सम्राट चौधरी ही मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। कहा जा रहा है कि भाजपा आलाकमान ने नीतीश कुमार के कहने पर ही सम्राट चौधरी के नाम पर मुहर लगाई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा राज्यपाल सैयद अता हसनैन को सौंप दिया। उनके साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय चौधरी भी हैं। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। करीब छह मिनट तक बातचीत के नीतीश कुमार लोकभवन से बाहर निकले। नीतीश कुमार हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। भाजपा विधायक विनोद नारायण झा ने कहा कि दोपहर 2 बजे से भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, जिसके बाद एनडीए की बैठक होगी। हमारे राष्ट्रीय नेता यहां आ रहे हैं। वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में आज नीतीश कुमार के संभावित इस्तीफे पर जदयू एमएलसी खालिद अनवर ने कहा कि यह एनडीए और हमारे नेता नीतीश कुमार का स्पष्ट निर्णय है कि वे बिहार के लिए काम करने हेतु राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करें।

### नीतीश कुमार का बिहार की जनता को संदेश '2030 तक का इंतजाम कर जा रहा हूं'

पटना( 20 साल तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है। इस्तीफा के बाद बेहद ही शालीनता के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर बिहारवासियों को अपना संदेश दिया।उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के कार्यों में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी वर्गों का विकास किया है, चाहे हिंदू हों, मुस्लिम हों, उच्च वर्ग हो, पिछड़ा वर्ग हो, अति पिछड़ा वर्ग हो, दलित हों या महादलित सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में कार्य हुआ है, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या कृषि।

# पाकिस्तान सीमा तक मजबूत होगी रेल कनेक्टिविटी, परियोजनाओं को मंजूरी

**विस्तार**

**इन योजनाओं का उद्देश्य बॉर्डर क्षेत्रों को देश के मुख्य रेल नेटवर्क से जोड़ना है**



**नई दिल्ली।** राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए तीन अहम रेल परियोजनाओं पर तेज गति से काम जारी है। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 827 किलोमीटर है।इन योजनाओं का उद्देश्य बॉर्डर क्षेत्रों को देश के मुख्य रेल नेटवर्क से जोड़ना और वहां रहने वाले लोगों के लिए सफर को ज्यादा सुविधाजनक बनाना है। परियोजनाएं पूरी होने के बाद न केवल स्थानीय लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि इलाके में व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार मिलेगी। रेलवे ने 187 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का प्रस्ताव तैयार किया है, जो अनूपगढ़ को बीकानेर से जोड़ेगी। इस परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) बनकर तैयार हो चुकी है और अब इसकी मंजूरी अंतिम चरण में है। नई रेल लाइन शुरू होने के बाद सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़े शहरों तक सीधा संपर्क मिलेगा, जिससे व्यापार और रोजगार के नए मौके खुलेंगे।

**कनेक्टिविटी से पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा :** जैसलमेर और बाड़मेर क्षेत्र को भी इन योजनाओं से बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। 380 किलोमीटर लंबी जैसलमेरझभाभर/भीलड़ी (बाड़मेर के रास्ते) और 260 किलोमीटर लंबी खाजूवालाझजैसलमेर रेल लाइन के लिए अंतिम सर्वे का काम जारी है। ये परियोजनाएं पूरी होने के बाद रेगिस्तानी क्षेत्रों में यात्रा और माल ढुलाई दोनों ज्यादा आसान हो जाएंगे। साथ ही, बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

पश्चिमी राजस्थान में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए जैसलमेर और बाड़मेर रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास तेजी से किया जा रहा है। इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को बेहतर और आरामदायक अनुभव मिल सके। पुनर्विकास के तहत स्टेशनों पर नई तकनीक, साफ-सुथरे प्लेटफॉर्म, बेहतर वेटिंग एरिया और डिजिटल सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। इन बदलावों के बाद स्टेशन पहले के मुकाबले ज्यादा आधुनिक और सुविधाजनक नजर आएंगे।

# सीएम ममता ने भाजपा को बताया 'बांग्ला-विरोधी जमींदार'

**आरोप**

**ममता बनर्जी ने कहा, मां-माटी-मानुष सरकार चौथी बार करेगी वापसी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रैली के दौरान भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विपक्षी दल को बांग्ला-विरोधी जमींदार बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा राज्य के लोगों को बांटने और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी रैली का वीडियो साझा करते हुए बीरभूम, पूर्व और पश्चिम बर्धमान और बांकुड़ा के मतदाताओं से अपील की कि वे टीएमसी को लगातार चौथी बार सत्ता में लाएं। उन्होंने लिखा कि राज्य की जनता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और पिछले 15 वर्षों में जो कुछ भी हासिल हुआ है, वह मां-माटी-मानुष की साझी ताकत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि मेरे भाई-बहन मेरी सबसे बड़ी पूंजी हैं।

बीरभूम, पूर्व और पश्चिम बर्धमान व बांकुड़ा ने मुझे प्यार और आशीर्वाद का ऋणी बना दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी मां-माटी-मानुष सरकार ऐतिहासिक चौथी बार वापसी करेगी।

# तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी दो साल बढ़ी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया संकट के चलते ऊर्जा क्षेत्र में आई परेशानियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। इसके तहत पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन यानी ई-रिक्शा, ई-कार्ट आदि के लिए सब्सिडी की समय सीमा 31 मार्च, 2028 तक बढ़ा दी गई है। इसी तरह, पंजीकृत दुपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए के लिए सब्सिडी की आखिरी तिथि 31 जुलाई, 2026 की गई है। भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और अपनाने को बढ़ावा दे रही है। यह केवल ऊर्जा सुरक्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही नहीं, बल्कि भारत की दिशा में भी एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत तिपहिया रिक्शा के लिए सब्सिडी मार्च 2026 तक थी, अब इसे दो साल और बढ़ा दिया गया है।

# मालदा रैली के दौरान राहुल ने पीएम मोदी पर लगाए कई आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए रायगंज और मालदा पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा, आरएसएस और सत्तारूढ़ टीएमसी पर जमकर निशाना साधा।

रायगंज में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की नफरत भरी विचारधारा देश के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

राहुल गांधी ने कहा कि अंबेडकर, गांधी और नेहरू ने देश को जो संविधान दिया था, उसे भाजपा सीधे तौर पर नहीं बल्कि संवैधानिक संस्थाओं में अपने लोगों को बिठाकर और वोट चोरी करके नष्ट कर रही है। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उनका मुकाबला नफरत की राजनीति से है और वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं।

# दिल्ली में एलपीजी की किल्लत बुकिंग के बाद भी लंबा इंतजार




**नई दिल्ली।** दिल्ली में एलपीजी संकट गहराया: समय पर नहीं मिल रहे सिलेंडर; गैस बुकिंग कराने के बाद भी कई दिन करना पड़ रहा इंतजार

राजधानी में बुकिंग के बाद भी कई लोगों की शिकायत है कि सिलिंडर नहीं मिल रहा है। इसकी वजह से रसोई का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रही सही कसर कालाबाजारी ने खराब कर दी है। मजबूर उपभोक्ता अधिक कीमत देकर सिलिंडर लेने के लिए मजबूर हैं। पूर्वी दिल्ली के, शाहदरा, सीलमपुर, विवेक विहार, आनंद विहार, यमुनाविहार व खजूरी क्षेत्र में लोगों ने बताया कि गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बावजूद कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। एजेंसी संचालक सप्लाई में कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि जानबूझकर सप्लाई धीमी की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग कराने के बाद भी उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। दिहाड़ी मजदूरों के परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ डिलीवरी कर्मी और बिचौलिये अतिरिक्त 500 से 700 रुपये लेकर तुरंत सिलेंडर उपलब्ध करा रहे हैं।

# वोटर लिस्ट से नाम हटने पर 6 लोगों ने लगाई मौत की गुहार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के छह निवासियों ने मतदाता सूची से नाम हटने के बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आवेदन भेजकर मौत की गुहार लगाई है। इन लोगों को एसआईआर में नाम काटे जाने के बाद डिटेंशन सेंटर में भेजे जाने का डर सता रहा है। राष्ट्रपति से आवेदन करने वाले ये लोग आरामबाग इलाके के निवासी हैं। इन लोगों ने आरामबाग के एसडीओ, जो चुनाव अधिकारी भी हैं, के माध्यम से राष्ट्रपति को आवेदन भेजा। अधिकारी के अनुसार, आवेदकों में एक सेवानिवृत्त सरकारी स्कूल शिक्षिका भी शामिल हैं। सभी लोग एसडीओ कार्यालय पहुंचे और अपने दावों के समर्थन में दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा किया। उन्होंने बताया कि सभी छह लोग आरामबाग नगर पालिका के वार्ड नंबर 6 के निवासी हैं, जहां कथित तौर पर कुल 206 नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। आवेदकों में ताइबुन्नेसा बेगम भी शामिल हैं।

# बाबा साहेब की 135वीं जयंती : राष्ट्रपति, पीएम मोदी सहित कई हस्तियों ने किया बाबा अंबेडकर को नमन




**अंबेडकर जयंती**

**डॉ. आंबेडकर ने महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता दी**

**नई दिल्ली।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य सियासी हस्तियों ने उन्हें नमन किया। इसी के साथ उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य सांसदों ने संसद परिसर में स्थित बीआर आंबेडकर प्रेरणा स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने कहा, "उन्होंने न केवल असमानताओं को दूर करने का मार्ग दिखाया, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। डॉ. आंबेडकर ने महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता दी। उनके बहुआयामी योगदान आने वाली पीढ़ियों को देश की सेवा और विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर, आइए हम बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने और एक न्यायपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लें।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, "बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। राष्ट्र निर्माण में उनके प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उनका जीवन और कार्य पीढ़ियों को एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा।"

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, "बाबा साहेब ने हमें सिर्फ संविधान नहीं, न्याय, समानता और सम्मान पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना दिया।

# अब बढ़ेगा गर्मी का कहर
## मौसम विभाग की चेतावनी जारी




**लखनऊ।** मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार से प्रदेश भर में चल रही पछुआ हवाएं कमजोर पड़ेंगी। इसके बाद अगले चार-पांच दिनों में प्रदेश के औसत तापमान में 3 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी के संकेत हैं। बुंदेलखंड और कुछ दक्षिणी जिलों में अधिकतम तापमान के जल्द ही 40 डिग्री सेल्सियस के पार चले जाने की संभावना है।सोमवार को बांदा 40.4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। जबकि प्रयागराज 39 डिग्री के साथ दूसरे और वाराणसी 38.8 डिग्री सेल्सियस के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बांदा में रात का तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सबसे अधिक रहा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक आसमान साफ रहने और हवाओं के कमजोर पड़ने से दिन और रात दोनों के तापमान में लगातार वृद्धि होगी। आने वाले दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।

15 April -26 page 3 14-04-26 10:50 PM Page 1


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







# अम्बेडकर जयंती के मंच पर अभिषेक गर्ग का है क्या ये सियासी पंच

## सोशल जस्टिस लेकर सर्वस्वीकार होने का है क्या ये संदेश



**अभिषेक गर्ग अपने संबोधन से भी ये बताने में सफल रहे हैं कि राजनीति में अब नये चेहरों की आमद का युग शुरू होने वाला है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में मंच से भी एक संदेश जाता है। मंच बताता है कि जनता का समूह किसे अपना मान रहा है। मंच जब प्रतिष्ठित हो और मंच का अपना पॉलिटिकल संदेश हो तो उस फेस पर फोकस जाता है जो चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद हो। अम्बेडकर समिति का अपना स्टेस है। 14 अप्रैल की तारीख यहां सबसे खास होती है।

इसमें तरूण कुमार अध्यक्ष हैं और यहां वरिष्ठ नेताओं की बात करें तो रामेश्वर दत्त एडवोकेट, राजू फल वाले और जयसिंह एडवोकेट जैसे चेहरे भी हैं। अम्बेडकर जयंती महोत्सव पर जब अभिषेक गर्ग इस मंच पर नजर आये तो यहां इसी बात की चर्चा होने लगी कि ये सियासत का पंच है। क्यों कि अभिषेक गर्ग समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हैं और वो हमेशा से सबको साथ लेकर चलने की बात करते हैं। दलित विमर्श उनके राजनीतिक चिंतन का एक अंग है। अभिषेक गर्ग उच्च शिक्षित हैं और शहर के प्रतिष्ठित परिवार से आते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा है। सबसे बड़ी बात ये है कि अम्बेडकर समाज की सबसे बड़ी समिति ने यहां राजनीति के प्रमुख चेहरों में अभिषेक गर्ग को सम्मान दिया। यहां दोनों ही तरफ से ये सम्मान की परिपाटी तय हुई है। समिति ने भी व्यक्ति से ज्यादा व्यक्तिव को वरियता दी। उन्होंने एक ऐसे चेहरे को सम्मान के लिए चुना जो उनके पूरे समाज का सम्मान करता है। अभिषेक गर्ग के लिए ये उपलबिध इसलिए कही जा सकती है कि वो एक विधानसभा वाली दावेदारी की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में उन्हें उस मंच पर सम्मान मिला है जहां कभी स्व. पूर्व विधायक सुरेश बंसल को प्रमुख स्थान मिलता था। ये गौर करने वाली बात है कि स्व. सुरेश बंसल के बाद दलित समाज ने इस मंच पर अन्य किसी जनप्रतिनिधि को वो सम्मान नहीं दिया। अभिषेक गर्ग जब अम्बेडकर समिति के मंच पर थे तो यहां से सियासत का एक बड़ा संदेश गया है। यहां वो एक संदेश देने में सफल रहे हैं कि राजनीतिक व्यक्तिव के रूप में वो उस वर्ग को भी स्वीकार हैं जिनकी राजनीतिक विचारधारा थोड़ी अलग हो सकती है। हालाकि दलित विमर्श को लेकर सपा और बसपा की विचारधारा भी एक है, कार्यशैली भी एक है। अब जब अभिषेक गर्ग ने इस मंच से संबोधन दिया तो वो अपने संबोधन से भी ये बताने में सफल रहे हैं कि राजनीति में अब नये चेहरों की आमद का युग शुरू होने वाला है।

### जब पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महानगर दफ्तर पर पधारे

# तब क्यों लगे शहर विधायक संजीव शर्मा जिंदाबाद के नारे




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में टीआरपी का बूम ऐसा होता है कि कभी कभी सियासत का भी माईन्ड घूम जाता है।

समर्थक अहसास कराते हैं कि उनका नेता जिंदाबाद हैं। इसकी बानगी अम्बेडकर जयंती पर भाजपा के महानगर कार्यालय पर दिखाई दी। नासिरपुर फाटक के पास कोई कार्यक्रम आयोजित था।

इसके भाग लेने के लिए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी भाजपा कार्यक्रम में आये थे। जब भूपेन्द्र चौधरी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी कार्यक्रम की ओर चले तो यहां नारों का स्वर बता रहा था कि शहर विधायक संजीव शर्मा को सांसद अतुल गर्ग ने ऐसे ही अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष नहीं बतायाथा। वो तब लोकप्रिय अध्यक्ष थे और अब लोकप्रिय विधायक हैं। जब पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम के लिए पधारे तो हवा में संजीव शर्मा जिंदाबाद के नारे गूंजने लगे। नारों की गूंज दफ्तर के भीतर और बाहर सुनाई दे रही थी।

ये गूंज बता रही थी कि लोकप्रियता जब टॉप पर होती है तो फिर जलवा दिखाई देता है। कई बार जलवा सरकार से ज्यादा नेता के व्यवहार का भी हो जाता है। कई बार उत्साहित समर्थक भी अपने नेता को अपनी मौजूदगी का अहसास कराने के लिए ऐसा करते हैं।

बहरहाल कारण जो भी हो लेकिन भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के आने पर शहर विधायक के जिंदाबाद के नारों की चर्चा होती रही।

# क्या अब नहीं कटेगी रामलीला कमेटी में कोई रसीद क्या सुल्लामल रामलीला हो गई है कालातीत



**डिप्टी रजिस्ट्रार ने कमेटी को कालातीत घोषित किया है लेकिन अभी ये एक पक्ष है और इस पर कमेटी का जवाब दाखिल होना बाकी है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला कमेटी क्या कालातीत हो गई है। क्या इस कमेटी का कार्यकाल समाप्त हो गया है। डिप्टी रजिस्ट्रार ने अध्यक्ष और सचिव को पत्र भेजा है। पत्र में पूर्व पार्षद मुनिन्द्र आर्य के नाम का उल्लेख है। उनके द्वारा 23 मार्च 2026 को दिये गये पत्र का हवाला दिया गया है। इस पत्र में उन्होंने डिप्टी रजिस्ट्रार को ये अवगत कराया था कि संस्था का आखिरी चुनाव 28 फरवरी 2025 को हुआ था। एक वर्ष के भीतर चुनाव होना था। 28फरवरी 2026 को मौजूदा कमेटी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और यह कमेटी कालातीत हो चुकी है। निवर्तमान कमेटी अपने एक वर्ष के कार्यकाल में कोई साधारण सभा की बैठक नहीं बुला सकती है। ऐसी स्थिति में कमेटी का वार्षिक चुनाव होना आवश्यक है। डिप्टी रजिस्ट्रार ने कमेटी के अध्यक्ष को भेजे पत्र में ये कहा है कि पत्रावली पर उपलब्ध प्रपत्रों के आधार पर डिप्टी रजिस्ट्रार के संज्ञान में यह आया है कि संस्था का पिछला चुनाव 28फरवरी 2026 को सम्पन्न कराया गया। पंजीकृत बॉयलाज के अनुसार कार्यकारिणी का कार्यकाल एक वर्ष होने के कारण 27 फरवरी 2026 तक विधिमान्य था।

अतः अवगत कराना है कि रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा 25(2) में प्रावधान है कि उपधारा एक के अधीन दिये गये आदेश के द्वारा कोई चुनाव कैसिंल कर दिया जाता है या कोई पद धारक पर बने ना रहने का हकदार अभी निर्धारित किया जाता है या जहां रजिस्ट्रार का समाधान हो जाता है, सोसाईटी के पद धारकों का कोई चुनाव उस सोसाइटी के नियमों में समय के भीतर नहीं कराया गया है। तो ऐसे पद धारक या पद धारकों के चुनाव के लिए सोसाइटी के सामान्य निकाय की बैठक बुला सकता है। ऐसी बैठक की अध्यक्षता और उसका संचालन रजिस्ट्रार द्वारा या उनके द्वारा नियुक्त किसी अधिकारी द्वारा किया जायेगा और बैठकों में चुनावों से संबंधित प्रावधान उपान्तरणों के साथ ऐसी बैठक और चुनाव को लागू होंगे।

बहरहाल पत्र ये बता रहा है कि अब डिप्टी रजिस्ट्रार ने समय से चुनाव न होने पर सुल्लामल कमेटी की मौजूदा कार्यकारिणी को कालातीत घोषित किया है और निवर्तमान कमेटी को चुनाव कराने हैं। स्पष्ट है कि समय से चुनाव न कराये जाने के कारण वर्तमान कार्यकारिणी कालातीत हो गई है। अब चुनाव कराने का क्षेत्राधिकार डिप्टी रजिस्ट्रार में ही निहित है। ऐसे में कालातीत कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने की स्थिति में संस्था द्वारा यदि चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई है तो निर्वाचन कार्यवाही से अवगत करायें और सात दिन में सूचित करें। सवाल यही है कि पत्र की भाषा में यह स्पष्ट नहीं है कि डिप्टी रजिस्ट्रार क्या निर्देश देना चाह रहे हैं। क्याउन्होंने कालातीत कमेटी को चुनाव कराने के लिए कहा है। क्या अब डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा किसी अधिकारी को नियुक्त किया जायेगा। जिनकी देखरेख में चुनाव सम्पन्न होंगे। और सबसे बड़ी बात ये है कि जिस बात को बताया जा रहा है कि अब कालातीत कमेटी किसी खर्चे की कोई रसीद नहीं काट सकती। तो क्या ऐसे में समाज के लिए जो यहां भवन बनाये गये हैं। उनकी बुकिंग कौन करेगा। अगर शव वाहन की आवश्यकता है तो क्या रसीद काटी जा सकती है। फिलहाल डिप्टी रजिस्ट्रार ने कमेटी को कालातीत घोषित किया है। लेकिन अभी ये एक पक्ष है और इस पर कमेटी का जवाब दाखिल होना बाकी है।

# विधानसभा में वैश्य दावेदारी पर उठे हैं सवाल संजीव गुप्ता से लेकर वेद प्रकाश गर्ग जैसे चेहरे भी हैं तैयार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2026 में ही 2027 की तैयारी शुरू हो गयी है। सामाजिक मंचों से लेकर राजनीतिक मंचों तक अब कई चेहरे एक्टिव हो गये हैं। बड़ी बात ये है कि चुनाव की इस दावेदारी में भाजपा के भीतर विधानसभा में वैश्य दावेदारी का सवाल उठ गया है। वैश्य चेहरे विधानसभा में भागीदारी चाहते हैं। उन चेहरों की बात हो रही है जो मूल रूप से भाजपाई हैं, एक सामाजिक प्रतिष्ठा रखते हैं और उनकी राजनीतिक विचारधारा विशुद्ध रूप से भाजपाई है। राजनीतिक रूप से ये चेहरे विधानसभा वाले फ्रेम में फिट होते हैं। कहीं कोई विवाद नहीं है और इन चेहरों की दावेदारी को लेकर चर्चा होने लगी है। समाज की एक लॉबी भी इन चेहरों को चाहती है। इन चेहरों की बात करें तो यहां समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता से लेकर वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों का नाम है। यहां अतुल जैन से लेकर पिलखुआ नगर पालिका चेयर मैन विभु बंसल का नाम सामने आता है। इस लिस्ट में गोपाल अग्रवाल का नाम आता है। ये चेहरे वैश्य समाज की विरासत के चेहरे हैं। ये प्रतिष्ठित और गैर विवादित राजनीति के चेहरे हैं।



## विनम्र व्यवहार है संजीव गुप्ता की दावेदारी का आधार

करंट क्राइम। संजीव गुप्ता उद्योगपति हैं, समाजसेवी हैं और धार्मिक प्रोफाईल है। वो भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष रहे हैं। वो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष हैं। सपनावत के मां वैष्णों धाम से लेकर इस्कॉन मंदिर तक धार्मिक भागीदारीहैं। इन सब विशेषताओं से ऊपर उनकी जो विशेषता है वो है कि वो मूल रूप से भाजपा कार्यकर्ता हैं। कभी विवाद नहीं रखते, व्यवहार विनम्र रखते हैं। एक बार वो पहले भी दावेदारी कर चुके हैं। विधानसभा की दावेदारी में ये नाम प्रमुखता से आते हैं।

## विभु बंसल भी विधायक दावेदारी का चेहरा



करंट क्राइम। विभु बंसल भाजपा कार्यकर्ता हैं, सौम्य व्यवहार है और राजनीति में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। मौजूदा समय में वो पिलखुआ नगर पालिका के चेयरमैन हैं। संघ के प्रतिष्ठित चेहरों से लेकर संगठन के पदाधिकारियों से लेकर विभु बंसल की एक प्रतिष्ठित छवि है। भाजपा की राजनीतिक विचारधारा से जुड़कर चलते हैं। विधानसभा की दावेदारी में ये चेहरा वैश्य समाज का पसंद किया जाने वाले चेहरा है।

## वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों को मिलेगा क्या लाईफ टाइम अवॉर्ड



करंट क्राइम। राजनीति में अगर कुछ ना मिलने पर भी संयम और मर्यादा देखनी हो तो वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों को देखा जा सकता है। पीढी दर पीढी के भाजपाई हैं और मेयर सीट के लिए ये नाम प्रबल दावेदारी में था। राजनीतिक सिद्धांतों के धनी हैं और खुद को गर्व से भाजपा कार्यकर्ता कहते हैं। विधानसभा की दावेदारी में ये नाम ऐसा नाम है जिन्होंने प्रतिष्ठा अर्जित की है। अपना व्यवहार सौम्य रखते हैं। पार्टी प्रॉटोकॉल से कभी भी इतर नहीं जाते हैं। विधानसभा में इन लाईफ टाईम भाजपाई को मौका मिलना चाहिए। लाईफ टाईम अवॉर्ड के हकदार हैं।

## एमएलसी वाली दावेदारी से क्या विधानसभा की दावेदारी में अतुल जैन



करंट क्राइम। अतुल जैन शिक्षाविद हैं और वो लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी हैं। उनका नाम बहुत तेजी से एमएलसी वाली दावेदारी में चल रहा है। शिक्षित राजनीति का चेहरा हैं। अतुल जैन क्या एमएलसी वाली दावेदारी से विधानसभा की दावेदारी में मूव करेंगे। वैश्य समाज के प्रतिष्ठित चेहरों में हैं। विधानसभा की दावेदारी में ये नाम फिट होता है।



## गोपाल अग्रवाल को मिलेगा विधानसभा में मौका

करंट क्राइम। गोपाल अग्रवाल संगठन की राजनीति के चेहरे हैं। मिलनसार स्वभाव हैं और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से कनेक्टिविटी बनाकर चलते हैं। महामंत्री पद पर रहे हैं। विधानसभा वाली दावेदारी में उनका नाम भी कई बार प्रमुखता से चला है। टिकट की दौड़ में हैं और भाजपा के कई संगठन नेता भी उनके नाम पर स्वीकृति देते हैं। संगठन से दावेदारी का ये चेहरा मजबूत चेहरा माना जाता है।

# जुड़ेगी इस विधानसभा में सियासत की कड़ी से कड़ी अभी मुरादनगर में लगेगी त्यागी दावेदारों की झड़ी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में जाति का फैक्टर सबसे मजबूत होता है। दल कोई भी हो जाति का अपना बल होता है। बाहुल्य तय करता है कि चेहरा कौन सी बिरादरी का आयेगा। अगर बिरादरी की ताकत मजबूत है तो फिर टिकट से लेकर संगठन तक उसी का वजूद होता है। मुरादनगर विधानसभा सीट पर त्यागी बिरादरी का दावा सबसे अधिक मजबूत है। यहां इस बिरादरी को भाजपा के टिकट का माईलेज मिलता है या ये भी कहा जा सकता है कि भाजपा को त्यागी समाज का माईलेज मिलताहै तो रफ्तार बढ़ जाती है। सीट का परीसीमन होने के बाद यहां कद्दावर मंत्री रहे स्वर्गीय राजपाल त्यागी चुनाव हारे नहीं थे बल्कि ये कहा जाता है कि वोट के विभाजन ने उन्हें महज 3600 वोट से विधायक होने से रोक दिया। यहां पर बसपा के वहाब चौधरी केवल वोट विभाजन के कारण विधायक बन गये थे। भाजपा का टिकट ही अगर महत्वपूर्ण होता तो ब्रजपाल तेवतिया तीसरे स्थान पर नहीं आते और कांग्रेस यहां चौथे स्थान पर रही थी। कहने वाले आज भी यही कहते हैं कि अगर टिकट भाजपा को होता और उम्मीदवार राजपाल त्यागी होते तो सीट का खाता ही त्यागी उम्मीदवार से खुलता। दूसरे चुनाव में यहां पूर्व कैंबिनेट मंत्री के सुपुत्र अजितपाल त्यागी भाजपा से चुनाव लड़े।

ये त्यागी फैक्टर था कि वो एक बड़े अंतराल से चुनाव जीते। इस चुनाव में कई अन्य बिरादरी भी अलग अलग दलों से चुनावी मैदान में थी लेकिन जीत नहीं मिली। दूसरी बार भी अजितपाल त्यागी ही चुनाव जीते। चुनाव से पहले मुरादनगर विधानसभा में दावेदारियां शुरू हो गयी हैं। अभी चुनाव दूर है लेकिन यहां त्यागी दावेदारी का माहौल शुरू हो गया है। भाजपा के संदीप त्यागी ने फेसबुक लाईव आकर सबसे पहले दावेदारी की ताज ठोकी है। सूत्र बताते हैं कि दावेदारी का ये सिलसिला अभी और बढ़ेगा। केवल संदीप त्यागी ही नहीं बल्कि यहां एक दर्जन त्यागी चेहरे भाजपा के टिकट पर दावेदारी करेंगे। ये चर्चा शुरू हो गयी है। अभी भाजपा दावेदारों की यहां झड़ी लगने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि संदीप त्यागी की दावेदारी पर जहां कुछ चेहरों ने उनकी पीठ थपथपाई हैं वहीं कुछ का कहना है कि बिल्कुल टिकट मांगना चाहिए। यह कार्यकर्ता का अधिकार है। बताते हैं कि इस दावेदारी को ट्रेलर बताया जा रहा है और पिक्चर अभी बाकी है। त्यागी चेहरे ही बता रहे हैं कि अभी तो पार्टी शुरू हुई है। भाजपा का टिकट पाने के लिए, भाजपा का उम्मीदवार बनने के लिए यहां अभी दर्जन भर चेहरे आगे आयेंगे। ये सभी चेहरे मुरादनगर से टिकट मांगेगे। आने वाले समय में मुरादनगर सीट पर त्यागी फैक्टर नजर आयेगा। त्यागी चेहरों की एक लिस्ट रहेगी और यहां त्यागी दावेदारी का ट्विस्ट आयेगा।

# नोएडा हिंसा प्रशासनिक विफलता और संगठित अराजकता से उद्योगों को बड़ा खतरा : बालेश्वर त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा में फैक्टरी के श्रमिकों द्वारा आगजनी और तोड़फोड़ ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के प्रयासों को पलीता लगा दिया है। जिस बड़े पैमाने पर लगभग 500 कारखानों में तोड़फोड़ , 20 वाहनों को आग के हवाले करने और विभिन्न स्थानों पर सड़कों पर आवागमन को बाधित करके पूरी अराजकता करके भय और आतंक का माहौल बनाने का प्रयास किया गया है।

यह घटनाएं कोई अकस्मात घटी घटना नहीं है। इनकी भूमिका पिछले कई दिनों से बन रही थी। परसों अखबार की खबरों में था कि महिलाएं अपने बैग में पत्थर लेकर आएंगी। लेकिन लगता है प्रशासन इन सबसे बेपरवाह था।

अगर फैक्ट्रियों द्वारा श्रमिकों को निर्धारित वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा था तो प्रशासन को समय से वेतन संबंधी सरकारी नियमों का पालन कराना चाहिए था। अगर कुछ लोगों ने षड्यंत्र करके इस घटना को कराया है तो भी प्रशासन की असफलता ही उजागर हो रही है। घटना ने संबंधित दृश्यों से स्पष्ट है कि श्रमिकों से अलग भी युवाओं की भीड़ इस बात का संकेत है कि पूरा घटना क्रम किसी योजना का हिस्सा है। इन घटनाओं से निश्चय ही यूपी में निवेश करने वालों को एक नकारात्मक संदेश देने का बड़ा षड्यंत्र दिखता है।




**‘हिंसक घटनाएं उद्योगों के लिए खतरे की घंटी हैं। सरकार को इसे पूरी गंभीरता से लेना चाहिए।’**

**1 संगठित उपद्रव का संकेत**
घटना अचानक नहीं बल्कि पूर्व योजना का हिस्सा लगती है, जिसमें बाहरी तत्वों की भी भूमिका दिख रही है।

**2 प्रशासन की लापरवाही उजागर**
पहले से संकेत मिलने के बावजूद समय पर कदम नहीं उठाए गए, जिससे हालात बिगड़े।

**3 उद्योगों पर नकारात्मक प्रभाव**
हिंसा और तोड़फोड़ से निवेशकों में भय का माहौल, यूपी की औद्योगिक छवि को नुकसान।

**4 इतिहास दोहराने का खतरा**
नोएडा और गाजियाबाद में पहले भी ऐसे हालात उद्योगों के पतन का कारण बने हैं।

**5 सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग**
घटनाओं की गहराई से जांच कर दोषियों को दंडित करने और व्यवस्था सुधारने की जरूरत।

लगता है कि नोएडा की जन्म कुंडली में ही उपद्रव लिखे हैं। फैक्टरी के भूमिपूजन के अवसर पर ही चौथ वसूली के अभियानों ने उद्योग स्थापित करने वालों को डरा दिया था।

अस्सी के दशक में जब नोएडा का विकास अपने शैशव काल में था तब ही राजनैतिक संरक्षण में चौथ , ठेके और अपनी ही कीमत पर ही अपना ट्रांसपोर्ट उपयोग करने को विवश करने के माफियाओं के अभियान ने नोएडा को भारत का जापान बनने के सपने को धूलधूसरित कर दिया था। फैक्टरी प्रबंधकों की सरे आम हत्या, लूट, हिंसक घटनाओं ने नोएडा के विकास को ग्रहण लगा दिया था।

उत्तर प्रदेश में 1991 में कल्याण सिंह जी के नेतृत्व में सरकार बनने पर नोएडा में अराजकता पर प्रभावी अंकुश लगा और विकास को नई गति मिली। कल की घटनाओं ने पुनः वही भय के वातावरण का ट्रेलर प्रस्तुत कर दिया है।

हमने गाजियाबाद के उद्योगों को उजड़ते हुए अपनी आंखों से देखा है। हिंदुस्तान लीवर , अमृत बनास्पति, टाटा आयल मिल , स्वदेशी पालिटेक्स , हिंडन रिवर मिल , जैन ट्यूब ..... एक लंबी श्रृंखला थी उद्योगों की और हिंसक श्रमिक आंदोलनों ने सब को निगल लिया। मोदीनगर भी हिंसक आंदोलनों के कारण आज भी अपने वैभव को प्राप्त नहीं हुआ है। हिंसक घटनाएं उद्योगों के लिए खतरे की घंटी हैं। सरकार को इसे पूरी गंभीरता से लेना चाहिए।

ये कोई एकाकी घटना नहीं है। ये एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा दिखती है। नोएडा की घटनाओं में अधिकारी अपनी असफलताओं को दूसरों के सिर मंढने के प्रयास करेंगे। शासन भी कई बार अधिकारियों की क्षमता को अधिक आंक लेते हैं और कई अक्षम अधिकारी अपनी योग्यता और क्षमताओं का भ्रम खड़ा करने में सफल हो जाते हैं। शासन को इन सबसे ऊपर उठते हुए इन घटनाओं की तह तक जाना चाहिए और दोषियों को दंडित करना चाहिए।

## संपादकीय

# न्यूनतम वेतन, श्रमिक सम्मान

सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि श्रमिकों को न्यूनतम वेतन के भुगतान की व्यवस्था पूरी तरह लागू की जाए। साथ ही वक्त के साथ बढ़ती महंगाई के मद्देनजर कामगारों की बुनियादी जरूरतें और गरिमा के साथ जीने का अधिकार बाधित न हों।

देश में हर नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। यह अपनी मांगों को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन के समक्ष रखने का एक तरीका हो सकता है। मगर उत्तर प्रदेश के नोएडा में सोमवार को अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे श्रमिकों का प्रदर्शन जिस तरह हिंसा और आगजनी में तब्दील हो गया, वह वास्तव में चिंताजनक है। कई इलाकों में यातायात ठप हो गया, वाहनों में तोड़फोड़ कर उन्हें आग के हवाले कर दिया गया और कुछ जगह पुलिस से झड़प के दौरान पत्थरबाजी भी गई।

अराजकता की राह निश्चित रूप से लोकतंत्र में बाधक है, लेकिन सवाल है कि यह स्थिति क्यों और कैसे उत्पन्न हुई तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार और जिला प्रशासन की ओर से समय रहते श्रमिकों को भरोसे में लेकर समाधान खोजने के कारगर प्रयास क्यों नहीं किए गए? गौरतलब है कि गौतम बुद्ध नगर जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक बीते चार दिन से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन की गारंटी, समय पर पूरा वेतन, अतिरिक्त समय में काम करने पर दोगुना भुगतान तथा असंगठित एवं घरों पर सामान पहुंचाने वाले श्रमिकों को भी सामाजिक एवं रोजगार सुरक्षा के दायरे में लाना शामिल हैं।

महंगाई ने भरण-पोषण मुश्किल किया खबरों के मुताबिक, प्रदेश सरकार की ओर से इनमें से कुछ मांगों को लेकर सहमति व्यक्त की गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी श्रमिक इससे संतुष्ट नहीं थे। इसमें दोराय नहीं है कि आए दिन महंगाई जिस तरह से बढ़ रही है, उससे श्रमिक वर्ग के लिए परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में कम वेतन और उसका भी समय पर भुगतान न होने से उनकी दिक्कतें और बढ़ जाती हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि श्रमिकों को न्यूनतम वेतन के भुगतान की व्यवस्था पूरी तरह लागू की जाए। साथ ही वक्त के साथ बढ़ती महंगाई के मद्देनजर कामगारों की बुनियादी जरूरतें और गरिमा के साथ जीने का अधिकार बाधित न हों। कारखानों के प्रबंधनों का भी यह दायित्व है कि वे श्रमिकों की वेतन वृद्धि समेत अन्य मांगों पर विचार करें और आपसी सहमति से समस्याओं को सुलझाने की दिशा में काम करे।

# स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 लॉन्च
# 10,000 करोड़ से नवाचार को नई रफ्तार

### ई-रिक्शा व तिपहिया ई वी पर सब्सिडी 2028 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार अब 10,000 करोड़ रुपये के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 की शुरूआत करने जा रही है। यह कोष प्रौद्योगिकी, प्रारंभिक विकास चरण और नवाचार आधारित विनिर्माण स्टार्टअप का समर्थन के लिए है। सरकार ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसका उद्देश्य देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए उद्यम और विकास पूंजी जुटाना है। इसके लिए अनुभवी लोगों को लेकर उद्यम पूंजी निवेश समिति बनाएगा। योजना की निगरानी के लिए तंत्र भी बनेगा उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग इस समिति की संरचना और संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करेगा। योजना के अमल के लिए मजबूत निगरानी और निरीक्षण तंत्र भी बनेगा। इसमें सरकार और संस्थागत निवेशकों द्वारा सह-निवेश के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। यह योजना देश की आर्थिक दृढ़ता को मजबूत करने, विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने, उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का सृजन करने और भारत को एक वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में योगदान देगी।




### तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी बढ़ी

पश्चिमी एशिया संकट के चलते ऊर्जा क्षेत्र में आई परेशानियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। इसके तहत पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन यानी ई-रिक्शा, ई-कार्ट आदि के लिए सब्सिडी की समय सीमा 31 मार्च, 2028 तक बढ़ा दी गई है। इसी तरह, पंजीकृत दुपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए के लिए सब्सिडी की आखिरी तिथि 31 जुलाई, 2026 की गई है।

भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और अपनाने को बढ़ावा दे रही है। यह केवल ऊर्जा सुरक्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत तिपहिया रिक्शा के लिए सब्सिडी मार्च 2026 तक थी, अब इसे दो साल बढ़ाकर मार्च 2028 तक कर दिया गया है। इसी तरह इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए लिए सब्सिडी 31 जुलाई तक कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति शृंखला में आई समस्याओं को देखते हुए ट्रकों और बसों के लिए चरणबद्ध निर्माण कार्यक्रम दिशानिर्देशों में छह महीने की छूट दी गई है।

# मिडिल ईस्ट संकट का असर, भारत में 25 लाख लोग गरीबी की कगार पर

### यूएनडीपी रिपोर्ट में भारत की गरीबी दर बढ़ने की चेतावनी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे सैन्य संघर्ष का असर अब सीधे तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था और आम आदमी पर पड़ने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, इस संकट के कारण भारत में लगभग 25 लाख लोगों के गरीबी में धकेल दिए जाने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। 'मिलिट्री एस्केलेशन इन द मिडिल ईस्टः ह्यूमन डेवलपमेंट इम्पैक्ट्स अक्रॉस एशिया एंड द पैसिफिक' नामक इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यह भू-राजनीतिक तनाव पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास और आजीविका पर भारी दबाव डाल रहा है। रिपोर्ट के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोगों के गरीबी में गिरने का जोखिम है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिण एशिया का है।



भारत के संदर्भ में, अनुमान है कि संकट के बाद देश की गरीबी दर 23.9 प्रतिशत से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो जाएगी, जिससे 24,64,698 अतिरिक्त लोग गरीबी के दायरे में आ जाएंगे। इसके अतिरिक्त, भारत को अपने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) की प्रगति में भी लगभग 0.03 से 0.12 वर्ष का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

एमएसएमई और नौकरियांः भारत का लगभग 90 प्रतिशत रोजगार असंगठित क्षेत्र में है। महंगे आयात और आपूर्ति की कमी के कारण आतिथ्य, खाद्य प्रसंस्करण, निर्माण सामग्री और रत्न निर्माण से जुड़े छोटे उद्योगों में लागत बढ़ रही है। इससे काम के घंटे कम होने, छंटनी होने और व्यापार बंद होने का जोखिम पैदा हो गया है।

### तेल, गैस और उर्वरक महंगे, अर्थव्यवस्था पर दबाव

#### ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार में भारी उथल-पुथल

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। देश अपनी कुल तेल जरूरतों का 90 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, जिसमें से 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी (एलपीजी) अकेले पश्चिम एशिया से आता है। रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य संकट के कारण माल ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम में भारी वृद्धि हुई है, जिससे व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह बाधित हुई है। इसका सीधा असर भारत के 48 अरब डॉलर के गैर-तेल निर्यात पर पड़ रहा है, जिसमें बासमती चावल, चाय, रत्न और आभूषण तथा परिधान जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।



## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने ₹टॉमटाटो₹ का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम : सशक्त भारत की ओर एक ऐतिहासिक कदम : डॉ सुषमा रानी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहाँ देश में समानता, न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों को सर्वोपरि माना जाता है। इन सिद्धांतों को वास्तविक रूप देने के लिए समय-समय पर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पहल है — नारी शक्ति वंदन अधिनियम। यह अधिनियम महिलाओं को जो देश की लगभग 50% आबादी है राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबरी का अधिकार देने के उद्देश्य से लाया गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करना है। लंबे समय से यह मांग उठती रही थी कि महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

यद्यपि महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं, फिर भी राजनीति में उनकी उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही है। यह अधिनियम इस असंतुलन को दूर करने का एक सशक्त माध्यम है। भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। शिक्षा, विज्ञान, खेल, कला, प्रशासन और उद्योग—हर क्षेत्र में महिलाओं ने नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं। इसके बावजूद, निर्णय लेने वाली संस्थाओं में उनकी भागीदारी सीमित रही है। इसका मुख्य कारण सामाजिक रूढ़ियाँ, अवसरों की कमी और लंबे समय से चली आ रही असमानता है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम इन बाधाओं को तोड़ने का एक प्रयास है। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीति में आने के लिए प्रेरित करेगा और उन्हें नेतृत्व की भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में अधिक संख्या में होंगी, तो वे समाज से जुड़े मुद्दों को अधिक संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ उठा सकेंगी। विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, बाल विकास और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर बेहतर नीतियाँ बनाई जा सकेंगी।

इस अधिनियम का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह अनुसूचित जाति (रउ) और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी आरक्षण सुनिश्चित करता है। इससे समाज के वंचित वर्गों की महिलाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और वे अपने समुदाय की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने रख सकेंगी।

अंततः, नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सोच है—एक ऐसा दृष्टिकोण जो महिलाओं को बराबरी का दर्जा देता है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करता है। हम सभी इस ऐतिहासिक कदम का स्वागत करें और एक ऐसे भारत के निर्माण में अपना योगदान दें, जहाँ हर महिला को सम्मान, अवसर और समान अधिकार प्राप्त हो।

# गंभीर रोजगार संकट की चपेट में आई दुनिया
## 1.2 अरब युवाओं के लिए सिर्फ 40 करोड़ नौकरियां

**नई दिल्ली।** भारत सहित विकासशील देशों में करीब 80 करोड़ नौकरियां कम होने का जोखिम बढ़ रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अनिश्चितताओं के बीच विश्व बैंक ने दुनिया में एक बड़े रोजगार संकट की चेतावनी दी है। विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि 1.2 अरब लोग कार्यबल का हिस्सा होंगे, लेकिन मौजूदा रफ्तार से केवल 40 करोड़ नौकरियां ही पैदा होंगी। ये वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है।




### युद्ध लंबा खिंचा तो बढ़ेगा संकट

बंगा ने कहा, युद्ध लंबा चला तो बेरोजगारी बढ़ने का खतरा भी बढ़ता जाएगा। ऐसे में सरकारों और नीति-निमार्ताओं को एक साथ कई चुनौतियों से निपटना होगा। युद्ध संकट और दीर्घकालिक विकास दोनों पर फोकस जरूरी है। उन्होंने रोजगार बढ़ाने के लिए विकासशील देशों में नीतिगत सुधारों पर जोर दिया। इसमें कारोबार शुरू करने में आसानी, श्रम कानूनों में सुधार, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और बेहतर व्यापार व्यवस्था जैसे कदम शामिल हैं। एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, 2025 तक दुनिया भर में 11.7 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। यदि रोजगार के पर्याप्त मौके नहीं मिले तो अवैध प्रवासन जैसी समस्याएं और बढ़ सकती हैं। बुनियादी ढांचा, कृषि, पर्यटन और विनिर्माण में निवेश बढ़ाकर रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

# चीन के निर्यात की रफ्तार धीमी वैश्विक अनिश्चितता का असर

### मार्च में निर्यात सिर्फ 2.5% बढ़ा, पहले था तेज उछाल

**नई दिल्ली।** चीन का निर्यात मार्च में 2.5 फीसदी बढ़ा, जो पिछले दो महीनों से काफी धीमा है। ईरान युद्ध और ऊर्जा कीमतों से वैश्विक मांग में अनिश्चितता बढ़ी। जनवरी और फरवरी में निर्यात वृद्धि 21.8 फीसदी थी। मार्च में आयात 27.8 फीसदी बढ़ा, जो पहले के 19.8 फीसदी से अधिक था। अर्थशास्त्री मानते हैं कि ईरान युद्ध चीनी निर्यात की वैश्विक मांग घटा सकता है। अमेरिकी शुल्क और घरेलू संपत्ति क्षेत्र की सुस्ती भी निर्यात पर दबाव डाल रही है। चीन ने 2026 के लिए 4.5 से 5 फीसदी आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य रखा है।



भारतपे के सह-संस्थापक नकरानी अब रणनीतिक सलाहकार होंगे भारत की प्रमुख फिनटेक कंपनी-भारतपे के सह-संस्थापक शाश्वत नकरानी एक मई, 2026 से दैनिक कार्यों से हटकर रणनीतिक सलाहकार बनेंगे। वह सबसे बड़े शेयरधारक और निदेशक बने रहेंगे। नकरानी फंड इकट्ठा करने के साथ-साथ आईपीओ योजना जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में शामिल रहेंगे। उन्होंने कंपनी पर विश्वास जताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 में छह करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ कमाया।

## राशिफल

**मेष :** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृष :** शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा।

**मिथुन :** धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कर्क :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे।

**सिंह :** संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**धनु :** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा।

**मकर :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**कुंभ :** सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मीन :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें।

## चुटकुले

पड़ोसन पांच मिनट से हाथ हिला रही थी, तो
पप्पू ने भी हाथ हिलाया और हाय किया...!
तभी पीछे से बीवी ने पीठ पर जोरदार थाप मारी और बोली
सामने वाली तुम्हें हाय नहीं कर रही है,
अपनी खिड़की का कांच साफ कर रही है...!

---

पत्नी – क्या बनाऊं आज...?
पति – बात का बतंगड़ छोड़ के कुछ भी
बना ले, खा लूंगा...!

---

लड़का – आप इतनी सुंदर कैसे हैं...?
लड़की – शराब के कारण...!
लड़का – आप शराब पीती हैं...?
लड़की – मैं नहीं कमीने, तू नशे में है,
इसलिए मैं सुंदर दिख रही हूं...!

---

पप्पू (मन ही मन सोचते हुए)
मेरा तो दिमाग घूम गया ये सोच सोच कर कि
कुछ लोग शादी के बाद भी 'ब्लड डोनेट' करते हैं...!
आखिर इतना बचता कैसे है...?

## 15 04 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



मंदिरा बेदी (अभिनेत्री)

पुष्पा शर्मा | रश्मि मिश्रा | शिखा सिरोही | सुनील बाजपेई | अनिल कुमार सागर

कालू यादव | विनीत त्यागी | सचिन लूथरा | संदीप गुप्ता | विकास मोहन | सुधीर चाबरिया

नितेश मित्तल | वंश शर्मा | शोभित शर्मा | अजय राव | अजय वर्मा | विनय डागर

विनोद सिरोही | बृजेश बोहत | प्रताप सिंह | राहुल कुमार | संभु दयाल | संजीव चौबे

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# स्पोर्ट्स



# आयरलैंड दौरे पर जाएंगे वैभव सूर्यवंशी, चयनकर्ताओं ने किया शॉर्टलिस्ट

## डेब्यू कर तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया में चुने जाने की प्रबल संभावना है। अगर वह डेब्यू करते हैं, तो भारत के सबसे युवा खिलाड़ी बन सकते हैं। आईपीएल 2026 में उनके शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं और दिग्गजों को प्रभावित किया है, और अब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने के बेहद करीब हैं।



वैभव सूर्यवंशी का नाम इन दिनों भारतीय क्रिकेट में तेजी से उभर रहा है। खबर है कि उन्हें जून में होने वाले भारत के आयरलैंड के लिए टीम इंडिया में चुना जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो महज 15 साल की उम्र में वह भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे। चयनकताओं ने उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है और जल्द ही इस पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड के खिलाफ 26 और 28 जून को दो टी20 मैच खेलेगी।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा, वैभव आयरलैंड दौरे के लिए दावेदार हैं और चयनकताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनका नाम भी शॉर्टलिस्ट किया है।' सूत्र ने अखबार को बताया कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ियों को मौका देने के मूड में हैं और वैभव इस लिस्ट में सबसे आगे हैं।

### आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन

आईपीएल 2026 में वैभव का बल्ला जमकर बोल रहा है। उन्होंने इस सीजन में कई शानदार पारियां खेली हैं। इनमें आरसीबी के खिलाफ 26 गेंदों में 78 रन, सीएसके के खिलाफ 17 गेंदों में 52 रन और मुंबई के खिलाफ 14 गेंदों में 39 रन की पारियां शामिल हैं। उन्होंने दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ बिना किसी डर के बल्लेबाजी की है। यहां तक कि जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर उन्होंने अपनी निडरता दिखा दी। साथ ही जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाजों के खिलाफ भी शानदार खेल दिखाया।

# राष्ट्रमंडल खेल 2030 में हॉकी और क्रिकेट भी होंगे शामिल, इन पारंपरिक खेलों को भी मिलेगी जगह




**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2030 का आयोजन भारत में होना है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने स्पष्ट किया है इन खेलों में क्रिकेट और हॉकी की वापसी होगी।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया है कि 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी और क्रिकेट जैसे भारतीय पारंपरिक खेल भी शामिल किए जाएंगे। वहीं, कबड्डी, योगासन, खोखो और मलखम्ब जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों में से भी दो को जगह दी जाएगी। राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष डोनाल्ड रूकारे की अध्यक्षता में इसके प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह मेजबान शहर अहमदाबाद में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने शुक्रवार को मांडविया से भी मुलाकात की थी।

ग्लास्गो में सिर्फ 10 खेल शामिल

ग्लास्गो में इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिए क्रिकेट और हॉकी को शामिल नहीं किया गया है, लेकिन मांडविया ने कहा कि भारत में होने वाले खेलों में इनकी वापसी होगी। ग्लास्गो खेलों में सिर्फ 10 खेल शामिल किए गए हैं जिनमें निशानेबाजी, कुश्ती और बैडमिंटन भी नहीं हैं। खेल मंत्री ने कहा, हमारे पारंपरिक खेलों में से कबड्डी, मलखम्ब, खोखो और योगासन में से दो को शामिल करने का प्रयास है। क्रिकेट और हॉकी दोनों 2030 खेलों में होंगे। राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष यहां से काफी प्रभावित होकर गए हैं। खासकर खेलो इंडिया की विभिन्न श्रेणियों और अस्मिता खेलों से वह काफी प्रभावित हुए।

# गरीबी से जंग जीतकर चमके साकिब हुसैन

## जूते खरीदने के पैसे नहीं थे, मां के गहने बेचने पड़े

**हैदराबाद।** बिहार के गोपालगंज से आने वाले साकिब हुसैन ने आईपीएल 2026 में अपने डेब्यू मैच में चार विकेट लेकर सभी को प्रभावित किया। आर्थिक तंगी, संघर्ष और मां के त्याग से भरी उनकी कहानी प्रेरणादायक है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच जिताऊ प्रदर्शन किया और अपने उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखा दी।

आईपीएल 2026 का 21वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया, लेकिन इस मैच की सबसे बड़ी कहानी दो नए नामों ने लिखी- प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन। अपने डेब्यू मैच में दोनों ने ही चार-चार विकेट निकाले। 21 साल के युवा तेज गेंदबाज साकिब ने चार ओवर में महज 24 रन देकर चार विकेट झटक लिए और रन देने के मामले में प्रफुल्ल से भी बेहतर प्रदर्शन किया और राजस्थान जैसी मजबूत टीम की कमर तोड़ दी।

**बड़े-बड़े बल्लेबाजों को किया ढेर:** साकिब ने जिन बल्लेबाजों को आउट किया, उनमें से कुछ अपने आप में बड़े नाम हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार ओपनर का विकेट लिया। इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों को जमने का मौका नहीं दिया। साकिब ने जोफ्रा आर्चर, तुषार देशपांडे और रवि बिश्नोई को भी पवेलियन भेजा। उनकी तेज रफ्तार (करीब 145 किमी/घंटा) और सटीक लाइन-लेंथ के साथ गति में विविधता ने सभी को प्रभावित किया।

बिहार के छोटे से गांव से आईपीएल तक का सफर

जूतों के लिए नहीं थे पैसे, मां ने बेचे गहने

साकिब की कहानी का सबसे भावुक पहलू उनका संघर्ष है। जब उन्होंने रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया, तब उनके पास अच्छे जूते तक नहीं थे। ऐसे समय में उनकी मां ने अपने गहने बेचकर उनके लिए जूते खरीदे। यही त्याग आज उनकी सफलता की नींव बना। टेनिस बॉल क्रिकेट से शुरूआत करने वाले साकिब 500-700 रुपये लेकर दूर-दूर मैच खेलने जाते थे। धीरे-धीरे वह जिला टीम, फिर बिहार टीम तक पहुंचे।



### आईपीएल तक का सफर

उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 में 20 लाख रुपये में खरीदा, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। केकेआर की टीम तब चैंपियन बनी थी और साकिब ने परिवार के साथ तस्वीर भी खिंचवाई थी। इसके बाद आईपीएल 2026 की नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 लाख रुपये में उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। नेट्स में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें डेब्यू का मौका मिला और उन्होंने इसे दोनों हाथों से भुना लिया। इस तरह आईपीएल में बिहार के एक और बेटे ने नाम रोशन किया। उनकी टीम के कप्तान ईशान किशन भी बिहार से ही हैं, लेकिन घरेलू क्रिकेट में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**कोच को दिया सफलता का श्रेय:** मैच के बाद साकिब ने अपनी सफलता का श्रेय टीम के गेंदबाजी कोच वरुण एरॉन को दिया। उन्होंने कहा, 'वरुण भाई पिछले चार वर्षों से मेरे साथ काम कर रहे हैं। मेरी गेंदबाजी में आप जो भी सुधार देख रहे हैं वह उन्हीं की वजह से है।

# 'मैं दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन सकता हूं'

## स्टार खिलाड़ियों को धूल चटाने के बाद बोले आयुष

**दिल्ली।** आयुष शेट्टी ने शीर्ष खिलाड़ियों को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरा बयान दिया है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन सकते हैं। उनकी हालिया कामयाबी ने उन्हें भारतीय बैडमिंटन के उभरते सितारों में शामिल कर दिया है। आयुष का मानना है कि कड़ी मेहनत और निरंतर प्रदर्शन के दम पर वह आने वाले समय में विश्व स्तर पर अपनी पकड़ बना सकते हैं।




बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने के बाद आयुष शेट्टी ने गर्व और उम्मीद जताई है। शेट्टी ने इसे एक शानदार टूनामेंट बताते हुए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के विश्वास को और मजबूत किया है। इसके साथ ही, उन्होंने फाइनल में मिली निराशा को भी स्वीकारते हुए उस दिन बेहतर खेलने का श्रेय शी यू क्यूई को दिया।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिपः फाइनल में शी यूकी से हारे आयुष शेट्टी, रजत पदक से करना पड़ा संतोष; पर रचा इतिहास

आयुष शेट्टी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक शानदार टूर्नामेंट था, जिस तरह से मैंने पूरे टूर्नामेंट में खेला, उससे मैं सचमुच बहुत खुश हूं। मेरे मैच बहुत मुश्किल थे, लेकिन जिस तरह से मैंने उन सभी में जीत हासिल की, उससे मैं खुश हूं। जहां तक फाइनल की बात है, तो थोड़ी निराशा हुई। मैं जीत के साथ टूर्नामेंट खत्म करना चाहता था, लेकिन इसका श्रेय शी यू क्यूई को जाता है, वह उस दिन बेहतर खिलाड़ी थे। मैं सिल्वर मेडल पाकर मैं शुक्रगुजार हूं।'

### वर्ल्ड नंबर-1 को दी थी शिकस्त

सेमीफाइनल में थाईलैंड के मौजूदा चैंपियन कुनलावुत वितिदसरन को हराने के बाद, आयुष बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी (और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी) बन गए। शेट्टी अगर फाइनल जीत लेते, तो वह दिनेश खन्ना की बराबरी कर लेते, जो 1965 में पुरुष सिंगल्स चैंपियन बने थे।

### आयुष ने जीता रजत पदक

दुनिया की रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज 20 वर्षीय शटलर को निंगबो ओलंपिक सेंटर में हुए फाइनल में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन यू क्यूई के हाथों 8-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिल्वर मेडल जीतने के साथ आयुष साल 2018 में एचएस प्रणॉय के बाद बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पोडियम पर जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी बन गए हैं।

# खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड की चयन नीति बदलेगी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का खेल मंत्रालय देश के प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न अवॉर्ड और अर्जुन अवॉर्ड की चयन प्रक्रिया में बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। मंत्रालय का मानना है कि पुरस्कारों को थोक में देने से उनकी प्रतिष्ठा प्रभावित होती है।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में और अधिक पारदर्शिता लाने के साथ हर वर्ष होने वाले विवादों से बचने के लिए खेल मंत्रालय ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन अवॉर्ड और द्रोणाचार्य अवॉर्ड की चयन नीति में परिवर्तन की तैयारी कर ली है। खेल मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि नई नीति को इस तरह से तैयार किया जा रहा है, जिसमें अवॉर्ड पाने के योग्य उम्मीदवारों को आवेदन की जरूरत नहीं पड़े। जिस तरह ओलंपिक और एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मंत्रालय तत्काल तय नकद अवॉर्ड मुहैया कराता है, उसी तरह ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को अंकों के आधार पर अवॉर्ड के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। सूत्रों के अनसार, अवॉर्ड चयन नीति में होने वाला परिवर्तन जल्द आधिकारिक होगा।

# भारत को विश्वकप जिताने वाले संजू सैमसन बने मार्च के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई।** संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मार्च महीने का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता। शुरूआती मैचों में बाहर रहने के बाद उन्होंने सुपर-8 और नॉकआउट में धमाकेदार वापसी की और 275 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

आईसीसी ने मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के नाम का एलान कर दिया है। भारत को टी20 विश्वकप 2026 का खिताब दिलाने वाले संजू सैमसन को आईसीसी ने मार्च महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे। इसी वजह से उन्हें यह सम्मान मिला। वहीं, महिलाओं में न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर अमेलिया कर को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। उन्होंने इस साल मार्च में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे सैमसन ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास है, खासकर क्योंकि यह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे यादगार दौर में मिला है। टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में योगदान देना एक सपना पूरा होने जैसा था और उस पल की अहमियत समझने में मुझे थोड़ा समय लगा।'



एक मार्च को वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन सिर्फ तीन रन से शतक से चूक गए, लेकिन उनकी नाबाद 97 रन की पारी ने भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। यह पारी उनके आत्मविश्वास और आक्रामक अंदाज का बड़ा उदाहरण बनी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में संजू ने 89 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने 253/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में इंग्लैंड की टीम सात रन से पीछे रह गई। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में भी सैमसन का बल्ला गरजा।

उन्होंने एक और 89 रन की शानदार पारी खेली और भारत को 96 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मार्च 2026 में खेले गए तीन अहम टी20 मैचों में संजू सैमसन ने 275 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 137.50 का और स्ट्राइक रेट 199.27 का रहा। उनका यह प्रदर्शन न सिर्फ शानदार था, बल्कि उन्हें लगातार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिलाया।

### करियर का पहला आईसीसी अवॉर्ड

उन्होंने आगे कहा, 'यह भारतीय क्रिकेट के लिए रोमांचक समय है। टीम में काफी प्रतिभा है और मैं अपने साथियों और कोचिंग स्टाफ का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका दिया।' यह पहला मौका है जब संजू सैमसन को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड मिला है। उनका यह प्रदर्शन दिखाता है कि मौके मिलने पर वह कितने बड़े मैच विनर साबित हो सकते हैं।

### लगातार बदले विजेता, इस बार चमके संजू

सैमसन के मार्च महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ बनने के साथ ही इस आईसीसी अवॉर्ड में पिछले पांच महीनों से हर बार अलग-अलग देशों के खिलाड़ी सम्मानित हो रहे हैं। इस लिस्ट में साइमन हार्मर (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया), डेरिल मिचेल (न्यूजीलैंड) और साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) जैसे नाम शामिल रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर क्यों छाईं काव्या मारन, मुस्कान ने लूटी महफिल

**हैदराबाद।** काव्या मारन सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के बाद सोशल मीडिया पर छा गईं। सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार जीत के दौरान उनकी खुशी और रिएक्शन कैमरे में कैद हो गए, जो तेजी से वायरल हो गए। उनके चेहरे की चमक और टीम के प्रति जुनून ने फैंस का दिल जीत लिया, और एक बार फिर वह आईपीएल के सबसे चर्चित चेहरों में शामिल हो गईं।

आईपीएल 2026 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के बाद टीम की मालकिन काव्या मारन सबसे ज्यादा खुशी नजर आईं। वह खुशी से चिल्लाती और ताली बजाती नजर आईं। उनके चेहरे पर हंसी रुक ही नहीं रही थी। सोशल मीडिया पर उनका रिएक्शन छा गया है। हर तरफ उनकी मुस्कान की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तक काव्या विवादों में थीं। इंग्लैंड की 'द हंड्रेड'लीग में अपनी टीम में पाकिस्तान के अबरार अहमद को शामिल करने को लेकर उनकी आलोचना हो रही थी। हालांकि, काफी समय बाद उनके चेहरे पर मुस्कान लौटी।



काव्या का रिएक्शन उस वक्त देखने लायक था, जब राजस्थान की पारी की पहली गेंद पर प्रफुल्ल हिंगे ने वैभव सूर्यवंशी को पवेलियन भेजा। जैसे ही शॉर्ट बॉल को वैभव ने हवा में खेला, काव्या भी अपनी कुर्सी से उठ गईं और प्रार्थना करती दिखीं। कैच हो जाने के बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पहले ही ओवर में दो और विकेट गिर जाने के बाद तो काव्या अपने आसपास वालों के साथ जश्न मनाती दिखीं। सोशल मीडिया पर फैंस ने उनपर चुटकी भी ली है। एक ने लिखा, 'काव्या मारन का रिएक्शन, जब उन्हें समझ आ गया कि लोग उनके पाकिस्तान प्रेम को भूल चुके हैं।' इसके साथ जो वीडियो एम्बेड है, वह वैभव के आउट होने के दौरान का है।

# भारत की युवा सनसनी वैष्णवी ने सानिया मिर्जा से तुलना पर क्या कहा

**नई दिल्ली।** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी वैष्णवी ने दिग्गज सानिया मिर्जा से अपनी तुलना पर संतुलित प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह तुलना उनके लिए सम्मान की बात है, लेकिन वह अपनी अलग पहचान बनाना चाहती हैं। साथ ही उन्होंने बिली जीन किंग कप को लेकर भी से बातचीत की।

बिली जीन किंग कप के प्लेऑफ क्वालिफायर्स में भारत के लिए पदार्पण करने वाली वैष्णवी अडकर ने सभी को प्रभावित किया। विश्व नंबर-385 वैष्णवी ने न्यूजीलैंड और कोरिया के खिलाफ जीत दर्ज की। उनके इस प्रदर्शन की झलक फरवरी में हुए डब्ल्यू 100 टूर्नामेंट के फाइनल में भी दिखी। वह सानिया मिर्जा (2001) के बाद डब्ल्यू 100 फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय हैं। उन्हें अगली सानिया के रूप में देखा जा रहा है। से विशेष बातचीत में वैष्णवी ने कहा, 'सानिया से तुलना गर्व की बात है, लेकिन मैं अगली सानिया नहीं, बल्कि वैष्णवी के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहती हूं।'



**कौन हैं वैष्णवी**

पुणे के 12 सदस्यों के परिवार में पली-बढ़ी वैष्णवी की टेनिस यात्रा 7 वर्ष की उम्र में शुरू हुई। घर के शोर-शराबे से बचने के लिए मां ने चारों भाई-बहनों को टेनिस के लिए प्रेरित किया। वैष्णवी ने बताया कि अंडर-14, 16 एकल में राष्ट्रीय खिताब नहीं जीत पाने के बाद अंडर-18 में खिताब मिला तो आत्मविश्वास बढ़ा और बिली जीन किंग कप में पदार्पण करने में सफल रही।

**तीन वर्षों में ग्रैंडस्लैम खेलने का लक्ष्य:** अपनी आक्रामक शैली के लिए मशहूर वैष्णवी दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता रोहन बोपन्ना से प्रशिक्षण ले रही हैं। वह बताती हैं कि बोपन्ना और बालू सर (बालाचंद्रन मणिक्कथ) ने उन्हें समझाया कि हर गेंद पर जोर लगाना जरूरी नहीं होता, कई बार डिफेंस भी मैच का रुख तय करता है। मेरा लक्ष्य 3-4 वर्षों में ग्रैंडस्लैम खेलने का है।

**जोकोविच सेरेना से मिली प्रेरणा**

जोकोविच की 38 की उम्र में भी अंतिम अंक पाने की जिद वैष्णवी को प्रेरित करती है। वहीं, सेरेना विलियम्स का हर स्थिति में हार न मानना उत्साह बढ़ाता है।

## शेन वॉर्न की मौत के चार साल बाद बड़ा खुलासा

# बेटे का दावा- कोविड के टीके के कारण हुई महान स्पिनर की मौत

**सिडनी।** शेन वॉर्न के निधन के चार साल बाद एक नया खुलासा हुआ है। उनके बेटे ने दावा किया है कि महान स्पिनर की मौत कोविड वैक्सीन के कारण हुई थी। इस बयान के बाद सोशल मीडिया और क्रिकेट जगत में बहस छिड़ गई है।





शेन वॉर्न के निधन के चार साल बाद उनके बेटे जैक्सन ने दावा किया है कि इस दिग्गज स्पिनर की मौत संभवतः कोविड के उन तीन या चार टीकों के कारण हुई थी, जो उन्हें ह्यकाम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे।

जैक्सन ने 'टू वर्ल्ड्स कोलाइड पॉडकास्ट' पर बात करते हुए अपने पिता की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी स्वीकार किया। वार्न का 2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उस समय उनकी उम्र 52 वर्ष थी।

### जैक्सन ने चार साल बाद क्यों किया खुलासा?

जैक्सन ने कहा, 'मुझे पक्का लगता है कि इसमें (कोविड टीके का) हाथ था। मुझे नहीं लगता कि अब यह कहने से किसी तरह का विवाद पैदा होगा। भले ही डैड (पिताजी) को पहले से ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं, लेकिन मुझे लगता है कि टीका लगाने के कारण उनकी बीमारी खुलकर सामने आ गई। यह एक ऐसी बात है जिससे मैं हमेशा सोचता रहता हूं।' उन्होंने कहा, 'जैसे ही मैंने (वॉर्न की मौत की खबर मिलने के बाद) फोन रखा तो मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी कि मैंने तुरंत सरकार को दोषी ठहराया। मैंने तुरंत कोविड और टीके को दोषी ठहराया।'

**'धूम्रपान और शराब पीने के बावजूद स्वस्थ थे':** उन्होंने कहा, 'मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहता हूं क्योंकि इससे केवल गुस्सा ही बढ़ता है। गुस्सा किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता है।' वॉर्न की जीवनशैली के बारे में जैक्सन ने कहा कि धूम्रपान और शराब पीने के बावजूद यह अपेक्षाकृत स्वस्थ थे।

उन्होंने कहा, 'उस समय डैड स्वस्थ थे, खुश थे। वह काफी समय बाद इतने अच्छे दिख रहे थे। वह जरूर धूम्रपान करते थे और शराब पीते थे, लेकिन 80 और 90 वर्ष की उम्र के कई लोग डैड की तुलना में कहीं अधिक धूम्रपान करते हैं और शराब पीते हैं।' वॉर्न निधन से कुछ महीने पहले कोविड-19 से संक्रमित हो गए थे। जब उनकी अचानक मौत हुई तो तब वह किसी तरह की गंभीर बीमारी से नहीं जूझ रहे थे।

### 'समझदारी भरा कदम था कि मैंने ऐसा नहीं किया'

जैक्सन ने कहा कि उन्होंने शोक सभा में अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने से खुद को बड़ी मुश्किल से रोका था। उन्होंने कहा, 'शायद यह समझदारी भरा कदम था कि मैंने ऐसा नहीं किया, अगर मैंने ऐसा किया होता तो मेरी स्थिति बिल्कुल अलग होती। लेकिन मुझे यही महसूस हुआ।' जैक्सन ने कहा, 'पहले भी दिल का दौरा पड़ने से बहुत से लोग मर रहे थे, लेकिन डैड ठीक थे। मुझे लगता है उन्होंने तीन या चार (टीके) लगवाए होंगे। वह टीका नहीं लगवाना चाहते थे, लेकिन अन्य लोगों की तरह काम करने के लिए उन्हें मजबूरन इन्हें देना पड़ा।'

15 April -26 page 6 14-04-2026 22:17 Page 1






# बैसाखी पर विधायक संजीव शर्मा ने गुरुद्वारों में मत्था टेककर की अरदास, क्षेत्रवासियों को दी शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बैसाखी पर्व के अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने विभिन्न गुरुद्वारों में पहुंचकर मत्था टेका और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं सलामती के लिए अरदास की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बैसाखी भारतीय संस्कृति और सिख परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है।

गुरु गोबिंद सिंह द्वारा 1699 में खालसा पंथ की स्थापना इसी दिन की गई थी, जो साहस, समानता और धर्म की रक्षा का संदेश देता है।

विधायक ने कहा कि बैसाखी नई फसल, नई उम्मीद और नई ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज में एकता, भाईचारे और समर्पण की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू भी मौजूद रहे।

# संतोष हॉस्पिटल को मिला 'एक्सीलेंस इन मेडिकल एजुकेशन' अवार्ड

## मंत्री असीम अरुण और विधायक मंजू शिवाच ने हॉस्पिटल की सेवाओं को सराहा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाज सेवा और जनस्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा ब्लॉक भोजपुर के गांव औरंगाबाद गदाना में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री माननीय असीम अरुण और मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच ने अस्पताल की सेवाओं की सराहना करते हुए जी.एम. (मार्केटिंग) डॉ. श्वेता चौधरी को 'एक्सीलेंस इन मेडिकल एजुकेशन एंड सर्विसेज' अवार्ड से सम्मानित किया। शिविर में मेडिसिन, बाल रोग और नेत्र रोग विशेषज्ञों ने ग्रामीणों की जांच की और मुफ्त दवाइयां वितरित कीं।

अस्पताल द्वारा गाजियाबाद के रजापुर और भोजपुर ब्लॉक के 100 गांवों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. श्वेता चौधरी ने आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में सोनू भारती, मनीष कुमार और सोनू कुमार का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अस्पताल की इस मानवीय पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# वार्ड 74 बुद्ध वाटिका में श्रद्धापूर्वक मनाई गई डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर वसुंधरा मंडल के वार्ड-74 स्थित बुद्ध वाटिका में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी और पार्षद नरेश भाटी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। बुद्ध वाटिका के मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ वसुंधरा मंडल के सभी बूथों पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

# लोनी में भाजपा ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस, बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

## डॉ. अंबेडकर के 'अंत्योदय' के सपने को साकार कर रही है सरकार: चौधरी चैनपाल



**लोनी, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल के नेतृत्व में मंगलवार को जिला स्तर पर 'सामाजिक समरसता दिवस' धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र के साथ बाबा साहेब के अंत्योदय के विजन को आगे बढ़ा रही है।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सरकार द्वारा विकसित किए गए 'पंचतीर्थों' का उल्लेख करते हुए इसे बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

कार्यक्रम के दौरान समाज से भेदभाव मिटाने के लिए 'समरसता भोज' का आयोजन हुआ और कार्यकर्ताओं ने दलित बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाकर जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। इस दौरान 'बाबा साहेब अमर रहें' के नारों के साथ सामाजिक एकजुटता का संकल्प लिया गया।

# अंबेडकर जयंती पर विधायक मदन भैया ने पैतृक गांव जावली में किया माल्यार्पण, दिया प्रेरक संदेश



**लोनी/गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर खतौली विधायक मदन भैया ने अपने पैतृक गांव जावली में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गांव में उनका स्वागत ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया। कार्यक्रम स्थल को विशेष रूप से सजाया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक मदन भैया ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान के कारण ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हुई है और सभी वर्गों को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को सशक्त बनाएं। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# संविधान बचाओ देश बचाओ दिवस के रूप में मनाई बाबा साहेब की जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा स्वरूप पार्क स्थित ज्ञानपीठ केंद्र पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन 'संविधान बचाओ, देश बचाओ दिवस' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सपा महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने बाबा साहेब को सच्चा देशभक्त बताते हुए कहा कि उनका लक्ष्य समाज में समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की स्थापना करना था।



उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में संवैधानिक संस्थाओं पर सुनियोजित आक्रमण लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने बाबा साहेब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मूलमंत्र को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विशन लाल गौड़ ने की और संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्र ने किया। इस दौरान ताहिर अली ने 'ज्ञानपीठ संदेश' पढ़ा और हुकुम सिंह व राजेंद्र सिंह ने गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। अवसर पर राम दुलार यादव, कर्नल अर्जुन सिंह, राम प्यारे यादव, जगन्नाथ प्रसाद, कैलाश चन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पर विशाल वर्मा ने विभिन्न कार्यक्रमों में दी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विशाल वर्मा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर



विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विशाल वर्मा ने कहा कि ज्ञान हर व्यक्ति के जीवन का आधार है और बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता व जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों और कार्यकताओं ने भी बाबा साहब को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# हाउस टैक्स में राहत पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने जताया आभार

## लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का किया अभिनंदन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** व्यापारियों और आम नागरिकों को हाऊस टैक्स में राहत देने के निर्णय के बाद व्यापारिक संगठनों में उत्साह का माहौल है। इस कदम के लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल द्वारा इस राहत की घोषणा कराए जाने पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने लखनऊ पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता और प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय ने प्रदेश अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और हाऊस टैक्स में दी गई राहत के लिए धन्यवाद दिया।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि इस निर्णय से न केवल व्यापारियों को बल्कि आम नागरिकों को भी बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी निर्णय लिए जाते रहेंगे, जिससे प्रदेश के व्यापारियों और नागरिकों को लाभ मिलता रहे।

# 40 साल पुरानी पूजा कॉलोनी में नरक जैसी स्थिति

## कीचड़ के कारण अर्थी को भी बदलना पड़ा रास्ता

**लोनी, करंट क्राइम।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से सटी 40 साल पुरानी पूजा कॉलोनी के निवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कॉलोनी की मुख्य 30 फुटा रोड और मंगल बाजार मार्ग की हालत इतनी दयनीय है कि पिछले शनिवार को कीचड़ और जलभराव के कारण एक अर्थी को अपना रास्ता तक बदलना पड़ गया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सीवर डालने के नाम पर सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है। सीवर के मेनहोल सड़क से काफी ऊपर 'तंदूर' की तरह निकले हुए हैं, जो आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। 'हमारा सौभाग्य ट्रस्ट' और 'खिदमते अवाम' जैसी संस्थाएं सोशल मीडिया के माध्यम से इस मुद्दे को उठा रही हैं, लेकिन प्रशासन मौन है।

मुख्य मार्केट में जलभराव के कारण दुकानदारों का व्यापार चौपट हो रहा है, वहीं स्कूली बच्चों और मरीजों का पैदल निकलना भी दूभर है।

# भोपुरा मंडल में धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निर्देशानुसार भोपुरा मंडल में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी उपस्थित रहे। अंबेडकर समिति के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बाबा साहेब के विचारों को याद कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संयोजन इंद्रजीत पाल और सह-संयोजन हरपाल परेवा ने किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना, भोपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर मास्टर जितेंद्र सैन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैसाखी पर गुरुद्वारे में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का हुआ सम्मान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में बैसाखी का पर्व पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार सजाया गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने गुरुवाणी का आनंद लेकर गुरु के चरणों में शीश नवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा शॉल, तलवार और स्मृति चिह्न भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधन ने इस दौरान संदेश दिया कि संस्था हमेशा 'सरबत दा भला' और 'मानवता ही सबसे बड़ा धर्म' के सिद्धांतों पर चलते हुए मानव सेवा में अग्रणी रही है। इस दौरान निशुल्क हेल्थ कैंप भी लगाया गया। इसमें फोर्टिस अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव गैरा मुख्य रूप से शामिल हुए। कैंप के आयोजक डॉ. जसबीर सिंह रेखी, मनबीर सिंह भाटिया और एडवोकेट शमशेर सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा परिसर में चिकित्सा सेवाएं निरंतर जारी हैं ताकि गरीब व जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज मिल सके।



बैसाखी के साथ-साथ संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भी उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने खोड़ा क्षेत्र में भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और स्थानीय लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए समानता के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पूर्व संध्या : राजकुमार भाटी का स्वागत

## अभिषेक गर्ग की सक्रिय भूमिका रही प्रमुख



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम सामाजिक सम्मान और जागरूकता का संदेश देता नजर आया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिनका स्वागत प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग द्वारा बुके भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम में अभिषेक गर्ग की सक्रिय भूमिका प्रमुख रूप से सामने आई। उन्होंने पूरे आयोजन का समन्वय करते हुए कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों को एकजुट किया। इस दौरान राजकुमार भाटी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और समानता का प्रतीक है, जिनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देते हैं। अभिषेक गर्ग ने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है और समाज में शिक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।




# कमिश्नरेट वालों को कमिश्नरेट पुलिस ने दिया फुल सपोर्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस बाते दो दिनों से बराबर वाले जिले की सीमाओं पर जमकर मोर्चा संभाले हुए हैं। तो सूत्र बता रहे हैं कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब पुलिस ने अपनी सीमा से हटकर दूसरे जनपद की सीमा को घेरा, सुरक्षा और वहां से उपद्रव करने वालों को खदेड़ा और फिर वहां कमान संभाली है। अब बताया जा रहा है कि पुलिस की स्ट्रैटेजी ही कुछ ऐसी थी कि बराबर वाले कमिश्नरेट की आग यहां तक न पहुंचे। वैसे बताया जा रहा है कि दो दिन की प्लानिंग सक्सेसफुल होने के बाद अब बुधवार के लिए नया प्लान और इंतजाम तैयार किया गया है। तो मंगलवार को हमने देखा कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट के नंबर दो की पोजीशन वाले अधिकारी लगातार कई बार नदिया पार के उस इलाके में पहुंचे, जहां दो दिनों से पुलिस ने मोर्चा संभाला हुआ है। इसके साथ ही क्राइम कंट्रोल वाले साहब, उनके एसीपी और उनके थ्री-स्टार भी मौजूद थे। इसके साथ ही नदिया पार वाले आई टीआरपी वाले एसीपी साहब भी मौजूद रहे। तो नदिया पार के वह खास थ्री-स्टार भी मौजूद रहे, जो सीधे नेटवर्क से माने जाते हैं। इन सबके बीच हमने यह भी सीन देखा की जो कभी वर्दी में नहीं रहते थे, वह वर्दी में नजर आए। उनके पास में हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, ड़डे और कई इंतजाम और थे ताकि माहौल खराब करने वालों से निपटा जा सके। इन सबके बीच जानकारी यह है कि दो दिनों की फील्डिंग के बाद अब बाउंड्री को और ज्यादा मजबूत बनाया जाएगा। बड़ी संख्या में लाइन और रिजर्व वाला फोर्स भी तैनात किया जाएगा। कुल मिलाकर जिस तरीके से बीते दिनों गाजियाबाद में पुलिस ने हर स्थिति को कंट्रोल किया है। कहीं पर भी पास वाले मामले की हवा यहां नहीं आने दी है। तो बुधवार का दिन और ज्यादा महत्वपूर्ण रहने वाला है। बताया जा रहा है कि अब इस मामले में शांति और खत्मा दोनों शुरू होने वाला। इसे बड़े साहब की प्लानिंग और फील्डिंग ही कहा जाएगा कि कहीं पर भी इस मामले को लेकर कोई ना तो प्रदर्शन हुआ, ना कोई विरोध ही होने पाया है। कोई हाउस अरेस्ट वाला मामला सामने नहीं आया। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बराबर वाले पुलिस कमिश्नरेट को फुलसपोर्ट देने का काम किया है।



# अंबेडकर जयंती पर सिकंदर यादव ने विभिन्न स्थानों पर दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समाजसेवी सिकंदर यादव ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मुरादनगर (सूराना) और विजयनगर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। इस अवसर पर सिकंदर यादव ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को समाज में आगे बढ़ाना जरूरी है, ताकि समानता और शिक्षा का संदेश मजबूत हो सके।

कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जहां ह्लजय भीमह्व के नारों के साथ बाबा साहब को नमन किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड-83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी के कार्यालय पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। पार्षद ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामाकांत पांडेय का पटका पहनाकर सम्मान कया गया। इस अवसर पर पार्षद कविता भाटी ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक समानता और शिक्षा के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने और शिक्षित समाज बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर में संजीव त्यागी, देवेंद्र, सुशील भूरा, डॉ. अनिल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# 'इनोवेट, इम्प्लीमेंट, इन्फ्लुएंस' थीम पर आईएमएस में कार्यशाला आयोजित



**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** आईएमएस गाज़ियाबाद (यूसीसी) में आईआईसी के सहयोग से 'इनोवेट, इम्प्लीमेंट, इन्फ्लुएंस' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को स्टार्टअप और उद्यमशीलता के व्यावहारिक पहलुओं से रूबरू कराना था। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के जनरल सेक्रेटरी राकेश छारिया और निदेशक जसकिरण कौर ने विशेषज्ञों के साथ किया। कार्यशाला के पहले सत्र में बिजौल के सीईओ रविंद्र चन्दन ने स्टार्टअप फंडिंग और वित्तीय प्रबंधन की बारीकियां सिखाईं, जबकि दूसरे सत्र में प्रशांत सिरोही ने कानूनी और नैतिक प्रक्रियाओं पर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान छात्रों को आइडिया वैलिडेशन और सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

आयोजन के अंत में आयोजित 'बिजनेस प्लान' प्रतियोगिता में आईआईएम विशाखापत्तनम के प्रियांशु ने प्रथम और एनएसयूटी के आयुष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरभि जौहरी द्वारा किया गया।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ रिश्ते अनमोल होते हैं, कुछ बंधन जन्मों के होते हैं। सांसों का सफर थम जाने के बाद भी रिश्तों का ये सफर जारी रहता है। कोई इस लोक में रहता है, कोई परलोक में रहता है, मगर रिश्ता है, था और रहता है। मधु शर्मा ने अपने पति स्वर्गीय सागर शर्मा के चित्रों के इन कॉलाज के साथ अपनी फेसबुक को अपडेट किया। ये तस्वीरें अपने आप में एक भाव हैं, मन की एक कहानी है। मधु शर्मा की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिका में दो सांसदों ने दिया इस्तीफा



**वाशिंगटन।** अमेरिका में दो सासंदों ने इस्तीफा दे दिया। इनमें एक सदस्य डेमोक्रेट के थे। वहीं, दूसरे रिपब्लिकन के थे।।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के दो सदस्य दुर्व्यवहार के आरोपों के चलते निष्कासन का सामना कर रहे। उन्होंने अब अपने इस्तीफे की घोषणा की है। कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए भी चुनाव लड़ रहे डेमोक्रेट एरिक स्वॉलवेल ने सोमवार को एक्स पर घोषणा किया कि वह कांग्रेस से इस्तीफा दे रहे हैं, हालांकि उन्होंने एक विरोधाभासी बयान देते हुए जोर देकर कहा कि आरोप झूठे थे, लेकिन साथ ही उन्होंने निर्णय लेने में हुई गलतियों के लिए खेद भी व्यक्त किया।

**हर चीज का सही समय होता है**

वहीं, रिपब्लिकन टोनी गोंजालेस, जिन्होंने एक कर्मचारी द्वारा आत्महत्या करने के बाद इस्तीफा देने की मांगों का विरोध किया था, जिस पर आरोप था कि उन्होंने उसे जबरन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया था, उन्होंने भी एक रहस्यमय वाक्य के साथ अपने इस्तीफे की घोषणा की, 'हर चीज का एक समय होता है, और भगवान ने हम सभी के लिए एक योजना बनाई है'। स्वॉलवेल न्यूयॉर्क शहर में एक आपराधिक जांच का सामना कर रहे हैं, जहां उनके खिलाफ आरोप लगाने वाली चार महिलाओं में से एक ने कहा कि उन्होंने शहर के एक होटल में उसके साथ उत्पीड़न किया था।

**अफेयर होने का बात स्वीकार किया:** अन्य तीन महिलाओं ने स्वॉलवेल पर दुर्व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाया। बता दें कि वह विवाहित है और तीन बच्चों का पिता है। सदन की आचार समिति ने कहा कि वह उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच कर रही है। सदन की एक रिपब्लिकन सदस्य ने कहा है कि वह उन्हें निष्कासित करने के लिए सदन में एक प्रस्ताव लाएंगी। वहीं, गोंजालेस के लिए काम करने वाली रेजिना सैंटोस-एविलेस ने पिछले साल खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। गोंजालेस ने उसके साथ अफेयर होने या उसकी मौत से जुड़े होने से इनकार किया, लेकिन बाद में अफेयर की बात स्वीकार कर ली।

उनके और से एक अन्य कर्मचारी को अपने अफेयर के बारे में भेजे गए मैसेज सामने आए, जिससे उस पर दबाव और बढ़ गया। एक अन्य कर्मचारी ने गोंजालेस पर, जो विवाहित हैं और उनके छह बच्चे हैं, कथित तौर पर नग्न तस्वीरें मांगने और संबंध बनाने का आरोप लगाया।

स्वालवेल के गवर्नर पद की दौड़ से हटने से उनकी पार्टी में उम्मीदें जगीं, जिसे कैलिफोर्निया के प्राइमरी चुनावों की संरचना के कारण गवर्नर चुनाव से बाहर होने की आशंका का सामना करना पड़ रहा था।

# बलूच लड़ाकों ने ग्वादर में बनाया नौसैनिक विंग

## पहले समुद्री हमले में पाक के सैनिकों को मारने का दावा



**बलूचिस्तान।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने अपने नए नौसैनिक विंग 'हमाल मैरीटाइम डिफेंस फोर्स' के गठन का एलान किया है। उन्होंने दावा किया है कि उसने ग्वादर के जीवानि क्षेत्र में पहली समुद्री कार्रवाई में पाकिस्तान के तीन नौसैनिकों को मार गिराया।

बलूचिस्तान में सशस्त्र संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने अपनी गतिविधियों को नए स्तर पर ले जाने का दावा करते हुए एक नौसैनिक विंग के गठन की घोषणा की है। संगठन का कहना है कि इस नई इकाई ने अपनी पहली समुद्री कार्रवाई में पाकिस्तान के तीन नौसैनिकों को मार गिराया।

बीएलए के मीडिया विंग हक्काल की ओर से जारी एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में चार नकाबपोश हथियारबंद लड़ाके समुद्र की ओर बढ़ते और फिर एक स्पीडबोट पर सवार होते दिखाई देते हैं। इसके बाद वे समुद्र के बीच एक जहाज की ओर बढ़ते हैं, जिसे पाकिस्तान कोस्ट गार्ड की नाव बताया गया है, और उस पर फायरिंग करते नजर आते हैं।

वीडियो में हमले से पहले लड़ाके चेतावनी देते हुए कहते हैं कि जब तक एक भी बलूच जिंदा है, वे जमीन और समुद्र दोनों पर लड़ाई जारी रखेंगे और दुश्मनों को कहीं भी टिकने नहीं देंगे।

बीएलए ने अपने बयान में कहा कि बलूच राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन अब जमीन से आगे बढ़कर समुद्री क्षेत्र में भी प्रवेश कर चुका है और आने वाले समय में यह क्षेत्र भी विरोधियों के लिए कब्रगाह साबित होगा। संगठन ने पाकिस्तान और उसके सहयोगियों पर बलूचिस्तान के समुद्री संसाधनों के कथित अवैध दोहन का आरोप लगाया। उनका कहना है कि स्थानीय मछुआरों का आर्थिक शोषण हो रहा है और तटीय इलाकों को सैन्य छावनियों में बदला जा रहा है।

बीएलए ने चेतावनी दी कि अब उसकी सैन्य क्षमता केवल पहाड़ी और शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह समुद्र में भी हमले करने में सक्षम है। संगठन ने दोहराया कि उनकी लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक वे अपने लक्ष्य एक स्वतंत्र बलूच राज्य को हासिल नहीं कर लेते।

### इकाई का उद्देश्य क्या है

बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान जारी कर बताया कि संगठन ने हमाल मैरीटाइम डिफेंस फोर्स (एचएमडीएफ) नाम से एक औपचारिक नौसैनिक विंग बनाया है। उनका कहना है कि इस इकाई का उद्देश्य बलूच समुद्र की रक्षा करना है। उन्होंने दावा किया कि 12 अप्रैल की सुबह ग्वादर जिले के जीवानि क्षेत्र के मिल तियाब इलाके में इस विंग ने अपनी पहली कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रवक्ता के मुताबिक, इस हमले में बीएलए लड़ाकों की फायरिंग से पाकिस्तान नौसेना के तीन जवान नायक अफजल, सिपाही जमील और सिपाही उमर मारे गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऑपरेशन के बाद सभी लड़ाके सुरक्षित अपने ठिकानों पर लौट गए।

# चीन की अमेरिका को सीधी चेतावनी

## ईरान की सैन्य मदद के सभी आरोप झूठे, फिर भी बढ़ाया टैरिफ तो देंगे जवाब



**बीजिंग।** चीन ने ईरान को सैन्य सहायता देने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें झूठा बताया है। चीन ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही सैन्य निर्यात करता है। साथ ही अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर आरोपों के आधार पर टैरिफ बढ़ाया गया, तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा।

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब ईरान का मुद्दा भी विवाद का कारण बन गया है। चीन ने साफ कहा है कि वह सैन्य उत्पादों के निर्यात में पूरी जिम्मेदारी और कानून का पालन करता है।

चीन ने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह झूठे और मनगढ़ंत हैं। इस बयान के बाद दोनों देशों के बीच टकराव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

चीन ने कहा कि मीडिया में जो रिपोर्टें आ रही हैं, जिनमें ईरान को सैन्य सहायता देने की बात कही जा रही है, वे पूरी तरह गलत हैं।

चीन का कहना है कि वह अपने कानून और अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही रक्षा से जुड़े निर्यात करता है। साथ ही चीन ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका इन आरोपों के आधार पर टैरिफ बढ़ाता है, तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा।

**चीन ने आरोपों को सिरे से खारिज किया**

चीन ने साफ तौर पर कहा है कि ईरान को सैन्य समर्थन देने के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। उसने इन दावों को ह्लफर्जीह्व बताया और कहा कि इस तरह की खबरें बिना आधार के फैलाई जा रही हैं। चीन ने दोहराया कि वह हमेशा अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों का पालन करता है।

### अमेरिका को दी गई सीधी चेतावनी

चीन ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर टैरिफ बढ़ाने का फैसला लिया गया, तो वह चुप नहीं बैठेगा। उसने कहा कि ऐसे कदमों का जवाब कड़े आर्थिक उपायों से दिया जाएगा। इससे साफ है कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव और बढ़ सकता है।

### सैन्य निर्यात पर चीन ने क्या कहा?

चीन ने कहा कि वह सैन्य उत्पादों के निर्यात में सख्त नियंत्रण रखता है और हर कदम कानून के तहत उठाता है। उसने कहा कि वह किसी भी देश को अवैध तरीके से हथियार नहीं देता और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करता है।

# तुर्किए के एक स्कूल में गोलीबारी: पूर्व छात्र ने चलाई गोलियां

## 16 घायल, पुलिस पहुंचने से पहले खुद को मारी गोली



**अंकारा।** तुर्किए के सिवेरेक जिले में एक पूर्व छात्र ने स्कूल में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 16 लोग घायल हो गए। घायलों में शिक्षक और छात्र शामिल हैं। आरोपी ने पुलिस के पहुंचने से पहले आत्महत्या कर ली। प्रशासन ने स्कूल खाली कराकर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना सिवेरेक जिले के एक स्कूल में हुई, जहां आरोपी ने गलियारे में घुसकर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक इस हमले में कुल 16 लोग घायल हुए हैं, जिनमें शिक्षक, छात्र और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। घटना के बाद आरोपी ने खुद को गोली मार ली और उसकी मौत हो गई।

**हमले में छात्र और शिक्षक भी हुए घायल :** घटना में घायल 16 लोगों में चार शिक्षक और 10 छात्र शामिल हैं। इसके अलावा एक पुलिसकर्मी और एक कैंटीन कर्मचारी भी घायल हुए हैं। प्रशासन के अनुसार चार लोगों की हालत मध्यम बताई गई है, जिन्हें शहर के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि बाकी का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

**आरोपी स्कूल का ही पूर्व छात्र था:** अधिकारियों ने बताया कि हमलावर उसी स्कूल का पूर्व छात्र था, जिसने सिर्फ 9वीं कक्षा तक वहां पढ़ाई की थी। बाद में वह ओपन स्कूल में चला गया था। वर्ष 2007 में जन्मे इस युवक ने पुलिस द्वारा पकड़ने की कोशिश के दौरान आत्महत्या कर ली।

**प्रशासन ने स्कूल को खाली कराया**

घटना के तुरंत बाद प्रशासन ने पूरे स्कूल को खाली करा दिया और इलाके को सुरक्षित कर लिया। तुर्की के सानलिउरफा प्रांत के गवर्नर हसन सिल्दाक ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और स्थिति की जानकारी ली।

**घटना की जांच में क्या आया सामने:** प्रशासन ने इस मामले की जांच कई स्तरों पर शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। मुख्य अभियोजक कार्यालय इस मामले की न्यायिक जांच करेगा, जबकि प्रशासनिक जांच भी जारी है।

इस घटना के बाद स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि प्रशासन ने कहा कि सभी जरूरी सुरक्षा उपाय किए गए थे, लेकिन इस तरह की घटनाएं फिर भी हो सकती हैं।

# क्यूबा ने अमेरिका को ललकारा, दे डाली धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा में सैन्य हमले की हाल ही में दी धमकी पर क्यूबाई राष्ट्रपति ने जबरदस्त ऐतराज जताते हुए अमेरिका को ललकारा है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने देश में आए ईंधन संकट के बाद पहली बार हुंकार भरी। कहा, अमेरिका के पास सैन्य हमला करने या उन्हें सत्ता से हटाने का कोई वैध कारण नहीं है। एनबीसी न्यूज के 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम को दिए साक्षात्कार में डियाज-कैनेल ने कहा कि यदि अमेरिका ने कोई भी अप्रिय कदम उठाया तो क्यूबा के लोग अपना बचाव करेंगे। उन्होंने कहा, ऐसा समय आने पर मुझे नहीं लगता कि अमेरिका के पास क्यूबा के खिलाफ सैन्य आक्रमण शुरू करने या किसी 'सर्जिकल ऑपरेशन' अथवा राष्ट्रपति के अपहरण का कोई औचित्य होगा।

# धूमधाम से मनाई गई

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एमएमजी चिकित्सालय परिसर में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चिकित्सालय के डॉक्टरों व कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने समस्त स्टाफ के साथ केक काटकर जयंती को विशेष रूप से मनाया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया।

उनका मानना था कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है, जिससे समाज में बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि हम डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपनाकर एक बेहतर और समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक, परामर्शदाता, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# ईरान-अमेरिका में सुलह कराएंगे मैक्रों: होर्मुज संकट टालने के लिए फ्रांस ने संभाला मोर्चा, पेरिस में बड़ी बैठक



**तेहरान।** होर्मुज में अमेरिकी नौसेना की घेराबंदी के बीच फ्रांस ने मध्यस्थता तेज कर दी है। राष्ट्रपति मैक्रों ने ट्रंप और पेजेशकियान से बात कर 'इस्लामाबाद वार्ता' को फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। ईरान ने लेबनान में संघर्षविराम की शर्त रखी है, जबकि ट्रंप का फोकस ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने पर है। शुक्रवार को पेरिस में होने वाली बैठक इस संकट का समाधान निकालने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकती है।

पश्चिम एशिया में युद्ध के बादलों के बीच कूटनीति की एक नई किरण दिखाई दी है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका और ईरान के बीच ठप पड़ी शांति वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ अलग-अलग बातचीत की है।

खबर यह भी है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर शुक्रवार को पेरिस में एक सम्मेलन की सह अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन में वे गैर-युद्धरत राष्ट्र शामिल होंगे जो होर्मुज को लेकर चिंतित हैं। मैक्रों के कार्यालय ने बताया कि अन्य प्रतिभागी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसमें हिस्सा लेंगे। बयान में कहा गया है कि यूरोपीय और अन्य साझेदार एक पूरी तरह से रक्षात्मक मिशन में योगदान देने के लिए तैयार हैं। फ्रांस और ब्रिटेन पिछले कुछ हफ्तों से एक ऐसा अभियान स्थापित करने पर काम कर रहे हैं जिसके तहत तेल टैंकरों और कंटेनर जहाजों को सुरक्षा घेरा प्रदान किया जाए।

**'ईरान के पास परमाणु हथियार कभी नहीं होंगे':** वहीं इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की ओर से उन्हें बातचीत का प्रस्ताव मिला है।

ट्रंप के मुताबिक, ईरान अब बहुत जल्द समझौता करना चाहता है, अमेरिकी नौसेना की घेराबंदी ने उनकी कमर तोड़ दी है। दूसरी ओर, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने संकेत दिया है कि तेहरान बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना होगा।

### मैक्रों की 'त्रि-स्तरीय' शांति योजना

मैक्रों का लक्ष्य इस्लामाबाद में नाकाम रही शांति वार्ता को फिर से शुरू करना है। उन्होंने एक तीन-सूत्रीय प्रस्ताव रखा है। इसके तहत, लेबनान सहित पूरे क्षेत्र में पूर्ण संघर्षविराम। बिना किसी शर्त और टैक्स के होर्मुज को दोबारा खोलना। फ्रांस और ब्रिटेन की अगुवाई में एक 'रक्षात्मक मिशन' की शुरूआत, जो समुद्र में जहाजों की आवाजाही को सुरक्षित बनाएगा। मैक्रों ने साफ कहा है कि इस तनाव को और ज्यादा बढ़ने से रोकने के लिए 'इस्लामाबाद संवाद' को तुरंत शुरू करना जरूरी है।

# नीरव मोदी को झटका या राहत

## यूरोपीय मानवाधिकार अदालत ने दी पहचान छिपाने की अनुमति, भारत वापसी की राह मजबूत



**लंदन।** फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी को यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय से गोपनीयता और अनामिकता की अनुमति मिली है। अब उनका मामला सार्वजनिक नहीं होगा।

भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में स्थित यूरोप मानवाधिकार न्यायालय (एउल्रुफ) ने गुमनामी प्रदान कर दी है। इसके साथ ही, उसका मामला अब सार्वजनिक जांच के दायरे से बाहर हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि अदालत उसके मामले को गोपनीय मानेगी और सुनवाई सार्वजनिक रूप से नहीं, बल्कि बंद दरवाजों के पीछे की जाएगी।

**गोपनीयता में चलेगा पूरा मामला**

यूरोप मानवाधिकार न्यायालय के प्रेस कार्यालय ने बताया कि ऐसे मामलों में जहां आवेदक को गुमनामी दी जाती है और मामले की फाइल गोपनीय होती है, अदालत उस मामले के बारे में कोई जानकारी प्रदान नहीं कर सकती है। लगभग दो सप्ताह के भीतर, यूरोप मानवाधिकार न्यायालय द्वारा नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई किए जाने की संभावना है। अदालत केंद्रीय जांच ब्यूरो का पक्ष भी सुनेगी, जिसके बाद वह अपना फैसला दे सकती है।

**प्रत्यर्पण की राह पर आखिरी पड़ाव**

यदि मोदी की याचिका खारिज हो जाती है, तो यह यूके से भारत में उसके प्रत्यर्पण के अंतिम कानूनी बाधा को समाप्त कर देगा। वर्तमान में, वह यूके की एक जेल में बंद है।

# ईरान ने अमेरिका-इस्राइल का साथ देने वाले अरब देशों की बढ़ाई मुश्किलें



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इस्राइल के कथित हमलों में सहयोग देने के आरोप में पांच अरब देशों से मुआवजे की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र को लिखे पत्र में ईरान ने खुद को पीड़ित बताया और कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। साथ ही उसने अमेरिका की नाकेबंदी को भी अवैध बताया।

पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक तरफ अमेरिका पूरी ताकत के साथ ईरान को झुकाने में लगा है। वहीं, ईरान अपनी मजबूत रणनीति से हर तरफ से अमेरिका को परेशान करने में लगा है। इसी क्रम में ईरान ने अमेरिका के साथ देने वालों देशों की मुश्किलें बढ़ा दी है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र में उन सभी देशों पर आरोप लगाया है, जो अमेरिका और इस्राइल को अपने इलाके इस्तेमाल करने दे रहे थे। ईरान ने इन देशों से ही मुआवजा मांगने के लिए संयुक्त राष्ट्र पहुंचा है।

ईरान के संयुक्त राष्ट्र में राजदूतअमीर-सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस को पत्र लिखकर कहा कि बहरीन, सऊदी अरब, कतर, यूएई और जॉर्डन ने अमेरिका-इस्राइल की कार्रवाई में मदद की। ईरान का दावा है कि इन देशों ने अपने क्षेत्र का इस्तेमाल हमलों के लिए होने दिया, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

ईरान ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में इन देशों ने सीधे हमलों में भूमिका निभाई या अपने क्षेत्र का इस्तेमाल होने दिया। उसने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और इससे इन देशों की जिम्मेदारी तय होती है।

ईरान ने अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंधों को भी अवैध करार दिया है। उसने कहा कि यह उसकी संप्रभुता का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के खिलाफ है। ईरान ने चेतावनी दी कि इस तरह के कदम क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए खतरा हैं।

**संयुक्त राष्ट्र से की हस्तक्षेप की मांग:** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अपील की है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करे और अमेरिका की कार्रवाई की निंदा करे। उसने कहा कि अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### ईरान ने पत्र में क्या लिखा

ईरान ने अपने पत्र में कहा है कि वह इस पूरे घटनाक्रम में पीड़ित है और उसने सिर्फ आत्मरक्षा का अधिकार इस्तेमाल किया है। उसने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत उसे अपने बचाव का पूरा अधिकार है और उस पर हुए हमले गैरकानूनी थे।

# राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रखा चार सूत्रीय फॉर्मूला

## चीन ने पेश किया शांति प्रस्ताव



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया में शांति के लिए चार सूत्रीय प्रस्ताव पेश किया है। इसमें साझा सुरक्षा, संप्रभुता का सम्मान, अंतरराष्ट्रीय कानून की सर्वोच्चता और आर्थिक विकास के जरिए स्थिरता लाने पर जोर दिया गया है। चीन खुद को अमेरिका के विकल्प के रूप में एक बड़े मध्यस्थ के तौर पर पेश कर रहा है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच चीन ने एक बड़ा कूटनीतिक दांव चला है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आधिकारिक तौर पर 'चार-सूत्रीय शांति प्रस्ताव' का खुलासा कर दिया है। वे इसे क्षेत्र में स्थिरता लाने का एकमात्र रास्ता बता रहे हैं। यह घोषणा तब हुई जब बीजिंग में संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अन्य वैश्विक नेता अहम चर्चा के लिए जुटे थे।

### क्या है जिनपिंग का पीस प्लान

राष्ट्रपति शी जिनपिंग का यह प्रस्ताव मुख्य रूप से चार स्तंभों पर टिका है, जो सीधे तौर पर पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका की नीतियों को चुनौती देता नजर आता है।

साझा सुरक्षा का ढांचा: चीन का कहना है कि सुरक्षा किसी एक देश की बपौती नहीं होनी चाहिए। जिनपिंग ने 'कोल्ड वॉर मेंटेलिटी' यानी शीत युद्ध वाली मानसिकता को छोड़कर एक ऐसे सुरक्षा ढांचे की वकालत की है जो टिकाऊ हो और जिसमें सभी देशों की भागीदारी हो। चीन का मानना है कि 'जीरो-सम गेम' यानी एक का फायदा, दूसरे का नुकसान से ऊपर उठकर ही खाड़ी देशों में शांति आ सकती है।

संप्रभुता का सम्मान: प्रस्ताव का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, राष्ट्रीय अखंडता। चीन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी देश की सीमाओं और उसकी सुरक्षा से समझौता नहीं होना चाहिए। हाल के दिनों में दूतावासों और बुनियादी ढांचों पर हुए हमलों की ओर इशारा करते हुए शी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और कर्मियों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

मनमर्जी नहीं, कानून का राज: जिनपिंग ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को लेकर पश्चिमी देशों के दोहरे मापदंडों पर तीखा प्रहार किया है। प्रस्ताव के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कानून तभी प्रभावी हैं जब उन्हें समान रूप से लागू किया जाए। उन्होंने 'जब मन किया कानून माना, जब नहीं किया तो छोड़ दिया' वाली नीति की आलोचना करते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था पर जोर दिया।

विकास ही सुरक्षा की चाबी है: चीन का मानना है कि केवल बंदूकों के दम पर शांति नहीं आ सकती। उनके चौथे बिंदू के अनुसार, सुरक्षा और आर्थिक विकास को साथ-साथ चलना होगा। चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के जरिए इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर एक ऐसा आर्थिक जाल बुनना चाहता है, जहां युद्ध की गुंजाइश खत्म हो जाए और व्यापारिक रिश्ते मजबूरी बन जाएं।



### इसमें चीन का क्या फायदा

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब चीन खुद को पश्चिम एशिया में एक 'शांतिदूत' के रूप में स्थापित कर चुका है। गौर करने वाली बात यह है कि अप्रैल 2026 की शुरूआत में ही पाकिस्तान की मध्यस्थता और चीन के समर्थन से अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। इसी पृष्ठभूमि में जिनपिंग ने फलस्तीन के मुद्दे पर भी अपनी पुरानी मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र फलस्तीनी देश की स्थापना न्याय के लिए जरूरी है। बताते चलें कि चीनी कूटनीति का यह नया चेहरा न केवल उसकी अपनी ऊर्जा सुरक्षा और तेल आयात के लिए जरूरी है, बल्कि यह दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश भी है कि अब वैश्विक फैसलों के लिए केवल अमेरिका की तरफ देखने की जरूरत नहीं है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | बुधवार • 15 अप्रैल -2026



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन
# नगर निगम ने संभाली व्यवस्थाएं







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर गाजियाबाद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम ने शहरभर में विशेष सफाई अभियान चलाया और कार्यक्रम स्थलों व पार्कों को सजाया। जिन स्थानों पर बाबा साहब की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां फूलों से सजावट, रंगाई-पुताई और मरम्मत कार्य कराए गए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर निगम कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, डॉ. अनुज, केपी आनंद सहित अधिकारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। निगम के अनुसार, जयंती से पूर्व ही सभी प्रमुख स्थलों पर तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने भी सक्रिय सहयोग दिया। शहर के विभिन्न वार्डों में पार्षदों और स्थानीय लोगों ने भी उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को नमन किया और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया।

### सीपी जे रंविद गौड ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर किया नमन
## न्याय और समानता के संदेश को अपनाने का आह्वान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पुलिस कमिश्नर जे रंविदर गौड ने पुलिस कार्यालय में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रतीक है।

सीपी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए समाज में न्याय, समानता और भाईचारे के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और एक सशक्त एवं समरस समाज के निर्माण के लिए उनका अनुसरण करना आवश्यक है। इस दौरान एसीपी आयुक्त कार्यालय के अधिकारी एवं अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे और सभी ने बाबा साहब को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

## व्यापारियों ने राम अवतार जिंदल का किया स्वागत, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**गाजियाबाद/ग्रेटर नोएडा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) रामावतार जिंदल के आवास पर ग्रेटर नोएडा के व्यापारियों ने पहुंचकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान राहुल वार्ष्णेय, आशीष सिंघल, संजय सिंह, भोला सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार, व्यापारियों से जुड़े मुद्दों और पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई। रामावतार जिंदल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को और मजबूत किया जाएगा।

## अंबेडकर जयंती पर पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने किया माल्यार्पण, सामाजिक एकता का दिया संदेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 130वें जन्मदिवस के अवसर पर नवयुग मार्केट पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उनके साथ संजय चौधरी सहित अन्य स्थानीय लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए सामाजिक समानता और संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में सच्ची समानता स्थापित की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से बाबा साहब के विचारों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली, जहां सभी ने एकजुट होकर बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## अंबेडकर जयंती पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने किया माल्यार्पण, समरस समाज का दिया संदेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मदिवस पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने शहर विधानसभा के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर बाबा साहब को श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया और उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव शर्मा ने प्रताप विहार, नवयुग मार्केट, नासीरपुर सहित कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रेरणास्रोत है तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समरस और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

विधायक ने लोगों से बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय व अधिकार पहुंचाने के लिए कार्य करने की अपील की।

कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### अम्बेडकर जयंती





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने नवयुग मार्किट स्थित अम्बेडकर पार्क में डा. भीमराव अम्बेडर जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत के साथ राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, शहर विधायक संजीव शर्मा भी मौजूद रहे। वीरेन्द्र सारस्वत ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा हमेशा से सामाजिक न्याय के लिए काम करती है। भाजपा की राजनीतिक विचार धारा हमेशा से समरसता की रही है। भाजपा हमेशा से सबको साथ सबका विकास के संकल्प के साथ काम करती आयी है। जनकल्याणकारी योजनाओं से हमने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किये हैं।

### अंबेडकर जयंती पर डीडी यादव ने किया पुष्प अर्पण
## कार्यकर्ताओं संग दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष डीडी यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन समाज के लिए प्रेरणा है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समानता व न्याय आधारित समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब को नमन करते हुए उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया।

## संजीव शर्मा व मयंक गोयल ने किया अंबेडकर जयंती पर माल्यार्पण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा द्वारा नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में संविधान शपथ अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मयंक गोयल ने किया, जिसमें संजीव शर्मा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि संविधान देश के नागरिकों के अधिकार और कर्तव्यों का आधार है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रदीप चौहान वाल्मीकि, पंकज भारद्वाज, गौरव चोपड़ा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने संविधान के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## थाने के सामने फ्लाईओवर पर हादसा
## गमी में जा रही महिला की दर्दनाक मौत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिहानी गेट थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना नए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर की है, जो थाने के ठीक सामने स्थित हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, नजमा पत्नी रहीसुद्दीन अपने पति के साथ बाइक से डासना क्षेत्र में गमी में शामिल होने जा रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक फ्लाईओवर पर पहुंची, पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नजमा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई बाबा साहेब डॉक्टर बी आर अंबेडकर की जयंती



### जिला अध्यक्ष ने कहा-जब तक कांग्रेस है तब तक संविधान में बदलाव नहीं करने दिया जाएगा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पुराना बस अड्डा स्थित पार्टी कार्यालय में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान में दिए गए अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

वक्ताओं ने कहा कि संविधान ही एक ऐसी ताकत है जो हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी को साथ में लेकर चने की सीख देती है। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि आज विश्व में हिंदुस्तान के संविधान को सबसे मजबूत संविधान माना जाता है शिक्षा का अधिकार, चिकित्सा का अधिकार, भोजन का अधिकार, रोजगार का अधिकार यह सब संविधान की देन है जिसको आज की सरकार संविधान को तोड़ने का कार्य कर रही है। संविधान में दिए गए अधिकारों में परिवर्तन करने की कोशिश की जा रही है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरकार संविधान में बदलाव करने में कोई कोर का कसर नहीं छोड़ रही है लेकिन इसमें सरकार कामयाब नहीं होगी जब तक कांग्रेस है तब तक संविधान में दिए गए अधिकारों में कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने डासना में राजीव पुरम में अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष डोली त्यागी, पूर्वपार्षद सुनील चौधरी, जयवीर सिंह, अश्वनी त्यागी, आशुतोष गुप्ता, राजकुमार शर्मा, राजाराम भारती, सुरेंद्र कुमार शर्मा, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, हरपाल सिंह, सत्य प्रकाश, बाबूराम आर्य, उदय सिंह पाल, लक्ष्मण, नवाब अलीमुद्दीन, जय भगवान शर्मा, महेंद्र



कुमार गौतम, किरण कुमारी, लज्जा यादव, अमृता, रविंद्र कुमार, आशीष कुमार, शाहिद अहमद, हेमंत शर्मा, आचार्य विकास कुमार, आकांक्षा, राहत अली, मोहम्मद इरफान, रिजवान अहमद, श्रीपाल सिंह, सीमा, नजमीन, सविता जैसवाल, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, तरुण रावत, तरुण शर्मा, सीताराम प्रजापति, रेशमा, महफूज खान, रिजवान मलिक, विनोद धाम, अलीमुद्दीन कसर, अमित शर्मा, श्री राम, सलमान मंसूरी, जेड कुरेशी, दिनेश कुमार, बी चौटाला आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वैशाली फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया
## एडिशनल सीपी और सीएफओ ने रवाना की रैली







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डॉकयार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों की याद में वैशाली फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परेड आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य लोगों को पिन फ्लैग लगाकर सम्मान व्यक्त किया गया। साथ ही अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत भी की गई, जिसके तहत शहर में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में वैशाली फायर स्टेशन से अग्निशमन वाहनों की रैली निकाली गई, जिसे एडिशल सीपी केशव कुमार चौधरी और सीएफओ राहुल पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक करती रही। फायर स्टेशन परिसर में आधुनिक अग्निशमन एवं रेस्क्यू उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्कूल, होटल और अस्पतालों से आए लोगों ने भाग लेकर जानकारी प्राप्त की। विभाग द्वारा पूरे सप्ताह मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अंबेडकर जयंती पर सपा का माल्यार्पण कार्यक्रम
### फैसल हुसैन व वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में जुटे सभी प्रमुख नेता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी द्वारा नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व फैसल हुसैन एडवोकेट एवं वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा और बाबा साहब के अनुयायी उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान 'जब तक सूरज चाँद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा' जैसे नारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नितिन त्यागी, राजन कश्यप, नाहर सिंह यादव, जेपी कश्यप( पूर्व अध्यक्ष), अभिषेक गर्ग (प्रदेश सचिव), सिकंदर यादव, अलाउद्दीन अब्बासी, विशाल वर्मा, सिंह राज जाटव, रमेश चंद यादव एडवोकेट, मनोज पंडित, मोहम्मद कल्लन, विक्की ठाकुर, रविंदर यादव, अंशु ठाकुर, संदीप प्रधान, अनिल चौधरी, राज देवी चौधरी, किरण कालिया, मनीष त्यागी, मोहम्मद अब्बास हैदर, असलम कुरैशी, कृष्ण यादव, ताहिर हुसैन, रोहित माथुर, मोहम्मद चांद हुसैन, उमेश कश्यप, साजिद सैफी, जिले खान, शाहनवाज खान, इरफान, अमानत चौधरी, रविंद्र यादव, आशु अब्बासी, सचिन सिद्धार्थ, खालिद बुखारी, नरेश बत्रा, नसीम खान, आदिल लाल, गुल मोहम्मद मंसूरी, राजवीर सिंह गौतम, नवीन कुमार शर्मा, आदिल मलिक, जगमोहन टैंक, अवधेश यादव, सुरेंद्र यादव, बहादुर सिंह यादव, रिजवान चौधरी, सोनू प्रधान, राहुल रावत सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फरुखनगर रोड पर हुआ अग्निकांड
# लापरवाही से भड़की आग, बड़ा हादसा टला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** फरुखनगर रोड स्थित प्लास्टिक और पन्नी के गोदाम में मंगलवार दोपहर लगी भीषण आग ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। दोपहर में करीब 15:40 बजे मिली सूचना के बाद दमकल विभाग ने तेजी दिखाते हुए बड़ी अनहोनी को टाल दिया, लेकिन शुरूआती जांच में सामने आई लापरवाही ने इस घटना को और गंभीर बना दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोदाम में ज्वलनशील सामग्री भारी मात्रा में भरी हुई थी, जबकि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि सूचना मिलते ही साहिबाबाद फायर स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन हालात की भयावहता को देखते हुए वैशाली, कोतवाली, रूपनगर, मोदीनगर और लोनी से भी दमकल की कई गाड़ियां बुलाई गईं। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दमकल कर्मियों ने चारों ओर से घेरकर आग बुझाई और बड़ी दुर्घटना होने से बचा लिया, क्योंकि आसपास अन्य गोदाम और रिहायशी क्षेत्र भी मौजूद हैं। जांच में सामने आया कि यह गोदाम दिल्ली निवासी अनीस और रिजवान द्वारा संचालित किया जा रहा था, जिन्होंने निस्तौली निवासी पाल सिंह से यह जमीन किराए पर ली थी। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या गोदाम में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच जारी है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। अगर समय रहते दमकल विभाग सक्रिय नहीं होता, तो यह आग एक बड़े हादसे में तब्दील हो सकती थी।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, 30 कार्ड व बाइक बरामद

### नंदग्राम पुलिस ने लिया एक्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना नन्दग्राम पुलिस ने एटीएम बदलकर लोगों के खातों से पैसे निकालने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग बैंकों के 30 एटीएम कार्ड, 1650 रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

थाना प्रभारी नन्दग्राम उमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सिहानी चुंगी क्षेत्र में मछली गोदाम की ओर जाने वाली सड़क से दोनों संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में पहले दोनों ने गलत नाम बताए, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आसिफ (27 वर्ष) और राशिद (29 वर्ष) निवासी लोनी, गाजियाबाद के रूप में हुई है।

दोनों आरोपी एटीएम मशीनों के पास खड़े होकर लोगों का गुप्त अंक (पिन) देख लेते थे और मौका पाकर उनका कार्ड बदल देते थे।

इसके बाद असली कार्ड से खातों से पैसे निकाल लेते थे। थाना प्रभारी के अनुसार, आसिफ के खिलाफ चोरी, लूट, गैंगस्टर अधिनियम व धोखाधड़ी के करीब 13 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि राशिद पर गाजियाबाद व दिल्ली में 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बसपा व बाबा साहेब मित्र मंडल वार्ड 9 की ओर से डॉ. अंबेडकर की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बहुजन समाज पार्टी और बाबा साहेब मित्र मंडल वार्ड 9 की ओर से संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार शेखचिल्ली द्वारा बाबा साहेब के जीवन एवं उनके कार्यों पर विशेष प्रस्तुति दी गई। बसपा और बाबा साहब मित्र मंडल वार्ड 9 की ओर से संविधान रचयिता डॉक्टर बी आर अंबेडकर की जयंती के मौके पर जागरूकता शिविर और महिला संकीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने गीतों के माध्यम से डॉक्टर अंबेडकर के जीवन एवं कार्य के बारे में विस्तार से बताया। भजनों के जरिए बाबासाहेब की महानता का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अलावा दूर दराज से आए बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर पंकज शर्मा, गंगासरण बब्लू, विनोद कर्दम, रीना, शारदा, पिंकी बोध एवं मनीषा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। बसपा के वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा ने कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण एवं बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का एक उत्कृष्ट प्रयास सिद्ध हुआ। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी एवं बाबा साहेब मित्र मंडल वार्ड 9 की ओर से केक काटा गया। साथ ही बाबा साहेब के बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया।